



बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 19 अप्रैल 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 81 | मूल्य - 5 रुपये







## निलंबित आईएएस समीर विश्नोई की चार करोड़ की संपत्तियां कुर्क

रायपुर, (भाषा)।

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने भारती प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी समीर विश्नोई की लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य की नौ अचल संपत्तियां शनिवार को कुर्क कर लीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, विश्नोई कोयला शुल्क घोटाले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं और उन पर ज्ञात आय के स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि ईओडब्ल्यू ने जुलाई 2024 में उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान एजेंसी ने नौ अचल संपत्तियों की पहचान की।

# विपक्ष ने आरक्षण विधेयक को रोककर महिलाओं के सपनों को कुचल डाला: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को***

पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को ''निर्दयतापूर्वक कुचल'' दिया है। मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं।'' उन्होंने कहा, ''आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके।'' मोदी ने कहा कि महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफअपनी ''स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न'' कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, ''महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया



इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है।'' मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, ''एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती; कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा।'' मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण और देश में सुधार के सभी प्रयासों का हमेशा विरोध किया है।'

















दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क –
9329033433

## लूघरवाडा शराब दुकान से अवैध शराब तस्करी कर रहे चार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 121 पेटी शराब सहित एक पिकअप वाहन जप्त..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता नशा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है समय- समय पर***

कोतवाली पुलिस द्वारा बडी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जाती रही है जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में कल दिनांक 17 अप्रैल, 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी कर रहे चार लोगो को धर दबोचने में सफलता हासिल की।

विगत रात्रि को दौरान पुलिस पेट्रोलिंग के लूघरवाडा शराब दुकान के सामने चैक किया गया जो एक पिकअप वाहन में शराब भरकर अन्य स्थान पर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सफेद रंग की पिकअप वाहन में अवैध शराब के विक्रय हेतु शहर में परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड कार्यवाही हेतु लूपरवाडा शराब दुकान के सामने पहुंचकर घेराबंदी कर सफेद रंग की पिकअप वाहन को चैक करने पर पिकअप वाहन में कुल 121 कार्टून में बीयर स्व्हह्व्न्नस 6000 में कुल मात्रा 1452 लीटर कुल कीमती 2,67,289/-रुपये शराब मिली वाहन चालक से नाम पता व शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर अपना नाम देवीप्रसाद पिता दयाराम पवार उम्र 45 साल निवासी परासिया थाना बंडोल सिवनी का रहना तथा अवैध शराब के संबंध में दस्तावेज पुछे गये जो पुलिस को गुमराह करने के लिये एक आबकारी वेयर हाउस का एक बिल्टी पेपर दिखाये जिसको बारिकी से चेक करने पर पाया गया की जिस वाहन का पेपर दिखाया गया उक्त शराब किसी अन्य वाहन में भरकर अबैध लाभ अर्जित करने हेतु लूघरवाडा शराब दुकान से नगझर शराब दुकान ले जाने की योजना बना रहा था जो उक्त कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय पाए जाने से उक्त पिकअप वाहन सहित अवैध बीयर शराब को जप्त किया गया है। तथा आरोपी की विधिवत् गिरफ्तारी कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया उक्त शराब लूघरवाडा शराब दुकान से वाहन पिकअप वाहन क्र. **MH40CT4630** में भरकर नगझर शराब दुकान लाई जा रही थी।

उल्लेखनीय है कि नशे के विरुध्द कार्यवाही करते दिनाक 08/ 03//2026 को गंज निवासी कमल मानाठाकुर से एक बुलेरो वाहन से 339.28 लीटर शराब जप्त की जाकर आरोपी को जेल भेजा गया था। इसी प्रकार दिनांक 30/ 03/2026 को कोतवाली पुलिस के व्दारा **NDPS ACT** के तहत करते अवैध रुप से गांजा विक्री करते हुए आरोपी शिवम कुचबुंदिया पिता बिंदु कुचबुंदिया निवासी पचमढी रोड पिपरिया होशंगाबाद पर कार्यवाही की गई थी। अवैध नशे के विरुध्द सिवनी पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। **गिरफ़्तार आरोपी–** आकाश जैसवाल पिता मिश्री लाल जैसवाल उम्र 27 साल निवासी शाखी नगर थाना करैली जिला प्रयागराज (उ.प्र.), मनोज पिता कृपालसिंह बघेल उम्र 34 साल निवासी छिन्दवाडा रोड भगवतनगर थाना कोतवाली, देवीप्रसाद पिता दयाराम पवार उम्र 45 साल निवासी परासिया थाना बंडोल, संदीप चंद्रवंशी पिता रामप्रसाद चंद्रवंशी उम्र 25 साल निवासी ग्राम झीलपिपरिया थाना इण्डासिवनी।

**कुल जप्ती–** 121 पेटी चीयर कुल्ल मात्रा 1452 लीटर कीमती करीब 2,67,289/- रुपये और एक पिकअप वाहन क्र. **MH40CT4630**

### सराहनीय कार्य–

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि जसवंत ठाकुर, प्र. आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, मनोज मरावी, आर. सिध्दार्थ दुबे, प्रतीक बघेल, सतीश इनवाती प्रदीप चौधरी, रत्नेश कुशवाहा, सुधीर डेहरिया, अजेन्द्र पाल, राजेन्द्र राजपूत, मुकेश चौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## पी जी कॉलेज में मनाया गया बाबा साहब जयंती उत्सव..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस, शासकीय पीजी कॉलेज सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े धूमधाम और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पहार अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला पेंशन अधिकारी सिवनी श्री अनिल वासनिक जी एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर के के मेश्राम उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखते हुए श्री वासनिक ने बताया की बाबा साहेब का बचपन संघर्षों से होकर गुजरा।कहा कि बाबा साहब ने समाज में फैली छुआछूत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने दलितों, गरीबों और वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि जब तक समाज में समानता नहीं होगी, तब तक सच्ची स्वतंत्रता संभव नहीं है।

भारत के संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया जो हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय प्रदान करता है। इसलिए उन्हें 'भारतीय संविधान का शिल्पकार' कहा जाता है। प्रोफेसर के.के. मेश्राम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए कहा कि बाबा साहब को किसी एक वर्ग विशेष का नेता मानना उचित नहीं है। वे पूरे देश के नेता थे। उन्होंने केवल वंचित वर्ग के उत्थान के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। प्रमुख योगदान से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि चाहे मजदूरों के काम करने के घंटे में कटौती हो, दामोदर घाटी परियोजना हो, नदी जोड़ो अभियान हो, संविधान का निर्माण हो या इंसान को इंसान की तरह जीने के लिए जो अधिकार चाहिए उन अधिकारों को हासिल करने का संघर्ष हो, बाबा साहब ने हर एक कदम पर अपना कठिन संघर्ष जारी रखा और सफ्लता भी हासिल की।

डॉ ज्योति कुमरे ने बाबा साहब के महिलाओं के लिए योगदान पर बात रखते हुए बताया कि बाबा साहब का मानना था कि ÷यदि एक महिला शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।÷ उन्होंने महिलाओं को समान अधिकार देने और उनकी स्थिति सुधारने के लिए कानूनों का समर्थन किया, जैसे हिंदू कोड बिल।

महिलाओं के अधिकारों के लिए बाबा साहब का सबसे बड़ा योगदान हिंदू कोड बिल था। इसके माध्यम से उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विवाह में समानता और तलाक का अधिकार देने का प्रयास किया। हालांकि उस समय इसका विरोध हुआ, लेकिन बाद में इसके कई प्रावधान लागू किए गए। उन्होंने मातृत्व लाभ **(Maternity Benefit)**, कार्य के घंटे कम करना और सुरक्षित कार्य वातावरण जैसे अधिकारों को बढ़ावा दिया। इससे महिलाओं की कार्यस्थल पर स्थिति मजबूत हुई। प्रो सत्येंद्र शेंडे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों में गिना जाता है। उनका शैक्षणिक जीवन अत्यंत प्रेरणादायक और असाधारण उपलब्धियों से भरा हुआ था। कोलंबिया विश्वविद्यालय में उन्होंने अर्थशास्त्र, राजनीति, समाजशास्त्र और दर्शनशास्त्र जैसे विषयों का गहन अध्ययन किया। वे अपने अध्ययन में इतने उत्कृष्ट थे कि उन्हें अपने प्रोफेसरों और सहपाठियों से विशेष सम्मान मिला। डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा कोलंबिया विश्वविद्यालय (न्यूयॉर्क, अमेरिका) में स्थापित की गई है, जो उनके प्रति सम्मान और उनके योगदान की वैश्विक मान्यता का प्रतीक है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मानसिंह बघेल ने बताया कि बाबा साहब ने मजदूरों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्होंने 8 घंटे कार्य दिवस, न्यूनतम मजदूरी और श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए काम किया। वे एक कुशल अर्थशास्त्री भी थे और भारत की आर्थिक नीतियों में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा।

जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। उन्होंने कहा था कि यदि समाज के सभी वर्ग शिक्षित होंगे, तभी समानता और न्याय संभव है।

प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने विद्यार्थियों से अपील किया कि जीवन में यदि कठिन समय हो तो बाबा साहब का संघर्ष याद करना तुम्हें कठिन समय में प्रेरणा मिलेगी, कि आपका संघर्ष बाबा साहब के संघर्ष की तुलना में बहुत कम है। कार्यक्रम का संचालन डॉ पवन कुमार वासनिक ने किया। उपस्थित सभी के प्रति आभार क्रीड़ा अधिकारी के सी राउर ने किया।

## धूमधाम से मनाई गई सेन जयंती, निकली भव्य वाहन रैली..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर में सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें समाज के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची, नेहरू रोड में श्रीवास परिवार द्वारा रैली पर पुष्प वर्षा की गई एवं दुर्गा चौक में सेन परिवार द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई जहां पूरे कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कृष्णम गार्डन में संपन्न हुआ। यहां समाज के वरिष्ठजनों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डॉली डागौर जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष घनश्याम सराठे मुकेश सेन अध्यक्ष किशोर कल्याण विभाग सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सेन महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं नगर अध्यक्ष हेमेंद्र नाथ श्रीवास(बॉबी )ने अपने संबोधन में समाज के लोगों से शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है और युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए। पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## अधिवक्ताओं ने मनाई अम्बेडकर, फुले जयंती



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला अधिवक्ता संघ सिवनी मे विगत 15 अप्रेल को प्रथम बार महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्री पंकज जैन ने की मंचसंचालन एड. योगेंद्र गुर्देकर द्वारा किया गया मंचासीन अतिथिगणों मे वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मुकेश अवधिया अरुण बिसेन सुरेंद्र बारमाट, इसरार अहमद, दादू निखिलेंद्र नाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम मे प्रथम वक्ता के रूप मे युवा अधिवक्ता नितेश हेड़ाऊ ने महात्मा फुले व अम्बेडकर जी के जीवन परिचय व समाज को दिए गए योगदान पर दर्पणिक प्रकाश डाला वहीं वरिष्ठ अधिवक्तागणों मे श्री डी. आर.बाघमारे, शाहिद रजा, एम.रहमान, रवि गोल्हनी, पंकज शर्मा व शिवम् भलावी सहित महिला अधिवक्ता श्रीमती भीमा शिंदे व लायब्रेरीयन कैलाश बघेल ने भी सारगर्भित व्याख्यान दिया इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ कनिष्ठ व महिला अधिवक्तागण बहुसंख्या मे उपस्थिति रहें।

## 22 वर्षिय युवक ने लगाया फांसी

**जगप्रेरणा सिवनी।**

**जिले के पुलिस थाना उगली के अंतर्गत खुरसरा ग्राम के होलू टोला में गत दिवस एक लड़के ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,**

**पुलिस थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार उप निरीक्षक डी आर शरणागत से प्राप्त जानकारी के अनुसार ए एस आई सुमेर चंद ऊइके घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक का पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया किन कारणों से युवक ने यह कदम उठाया जांच का विषय है, मृतक का नाम प्रकाश पिता रामकुमार सरयाम उम्र 22 है।**

## नारी शक्ति मानव समाज की ज्ञान और ऊर्जा का प्रतीक..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में नारी शक्ति वंदन के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.रविशंकर नाग के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता महिलाओं के कानूनी अधिकार और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए. पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस विभाग के टीआई ओमेश्वर पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैसे दीपक, ज्ञान एवं ऊर्जा के प्रसार का प्रतीक है, उसी तरह, नारी शक्ति मानव समाज की ऊर्जा और प्रकाश का प्रतीक है. आज की नारी सीमाओं को तोडक़र हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल या उद्यमिता हो सभी में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है।

उन्होंने कल्पना चावला, मैरी कॉम, किरण बेदी और पी.वी. सिंधु जैसी महिलाओं के उदाहरण देते हुए बताया कि दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। ओमेश्वर पटले ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों और साइबर सुरक्षा पर भी व्यापक रोशनी डाली। विशेष वक्ता के रूप में सिवनी की 'गूंज' संस्था की अध्यक्ष मनीषा चौहान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास ही महिलाओं की वास्तविक शक्ति हैं। बताया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं महिला उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाएं महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. इन योजनाओं का समुचित लाभ उठाकर महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं बल्कि समाज में नेतृत्वकारी भूमिका भी निभा सकती हैं।

कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. सविता मसीह ने अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं एवं उपस्थित महिला प्राध्यापकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, आत्मसम्मान बनाए रखने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम में, बालिका शिक्षा, महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समान अवसर जैसे विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई. सभी विजेता प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर डॉ एसपी सिंह, डॉ. जे नावकर, डॉ. पवन वासनिक, डॉ. मानसिंह बघेल, प्रो सत्येन्द्र शेन्डे, प्रो रचना सक्सेना, प्रो रचना राय, डॉ मुन्ना लाल चौधरी, डॉ सीएल अहिरवार, शाईस्ता कुरैशी समेत कॉलेज स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने किया।

## म.प्र. किसान कांग्रेस ने किसानों की समस्या के निराकरण को लेकर सौपा ज्ञापन..

### निदान शीघ्र नहीं किया गया तो समस्त किसान, जनप्रतिनिधि उग्र आंदोलन, धरना, प्रदर्शन करने के लिए बाध्य..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

मप्र किसान कांग्रेस के पूर्व सचिव हुकुम चंद सनोडिया ने किसानों की समस्याओं का निराकरण की मांग की है जिसमें उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 रवि सीजन समर्थन मूल्य गेहूँ खरीदी में तारीख पर तारीख, बार बार बढ़ाई जा रही है एवं गेहूँ खरीदी हेतु अनेक असुविधाएँ हो रही है।

जैस बारदाने की कमी, खरीदी केन्द्रो की दूरी होने से कृषक परेशान है जिससे भाड़ा अधिक लग रहा है एव गेहूँ खरीदी पूर्व वर्ष में 1 हेक्टर में 47 क्वि. ले रहे थे परन्तु वर्तमान में प्रति हेक्टर 42 क्वि., गेहूँ ले रहें है। जिससे किसान परेशान है। पुनः शीघ्र प्रति हेक्टर कम से कम 50 क्वि. गेहूँ क्रय करने हेतु आदेश पारित करें, एवं इस वर्ष किसानों के खेत की गेहूँ की फसल प्राकृतिक तेज हवा, तूफान पानी व ओला वृष्टि के कारण कुछ किसानों की फसल की किस्म 1-2 प्रतिशत बिगड़ गई है जिसे भी क्रय करें एवं जिन किसानों के घर में पुत्र पुत्रियों का विवाह होना है

उन किसानों की भी गेहूँ पहले खरीद किया जाए ताकि समय पर विवाह कार्यक्रम कर सकें। एवं मप्र ई उपार्जन पोर्टल में गेहूँ खरीदी स्टॉल बुकिंग अत्याधिक सर्वर डाउन होने से किसान परेशान हो रहें है। इसका अन्य कोई विकल्प किसानों को उपलब्ध कराए जावें ताकि समय पर स्टॉल बुकिंग हो सकें। सरकार द्वारा पूर्व में चुनाव के समय किसानों का गेहूँ 2700 रू. प्रति क्वि. खरीदने की गॉरंटी दी गई थी। किन्तु आप किसानों को धोखा देकर वर्तमान में गेहूँ खरीदी बोनस सहित 2625 रू. खरीदी कर रहें है। जिससे किसानों को गेहू का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। वर्तमान वर्ष 2026-27 में खरीफ फसल हेतु किसानों को शासन से स्टॉल बुकिंग ई टोकन के अनुसार उर्वरक खाद्य प्रति हेक्टर भूमि हेतु दो बोरी यूरिया एवं एक बोरी डी. ए.पी. उर्वरक खाद्य सप्लाई की जा रही है। जो किसानों के हित में नही है और किसानों की उपज में भारी कमी आएगी जिससे किसान कर्ज में डूबेगा।

किसानों को कम से कम ई टोकन के अनुसार खरीफ एवं रवि सीजन में प्रति हेक्टर भूमि के लिए उर्वरक जैसे यूरिया खाद्य कम से कम 6 बोरी एवं डीएपी खाद्य 3 बोरी, पुनः प्रदान करवाने के आदेश पारित करें। अथवा किसानों की अच्छी एवं अधिक उपज हेतु कोई अन्य विकल्प उपलब्ध कराया जावें । किसानों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र अतिशीघ्र करने की मांग की है। यदि किसानों की उपरोक्त समस्या का निदान शीघ्र नहीं की गई तो समस्त किसान, जनप्रतिनिधि उग्र आंदोलन, धरना, प्रदर्शन करने के लिए बाध्य रहेगा जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो . 9890696200



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## लव जेहाद और धर्मांतरण के खिलाफ

# बालाघाट में काली पुतली चौक पर बजरंग दल, विहिप और हिन्दु संगठनों ने किया पुतला दहन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय में आज 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे से तपती धुप और गर्मी से जुझते हुए विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल ने सनातन धर्मावलंबियों को साथ लेकर लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए 'जेहादी मानसिकता' का पुतला***







दहन किया। इस अवसर पर विहिप के अध्यक्ष यज्ञेश (लालु) चावड़ा ने आरोप लगाया कि देश में मुस्लिम धर्म विशेष के क्षेत्रों में हिंदू परिवारों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं, जिससे उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसी प्रकार 'जेहादी मानसिकता' वाले लोग निरंतर एक के बाद लव हेजाद की घटनाओं को अंजाम देकर राष्ट्रविरोधी और हिन्दू धर्म के खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं, जिससे कि हमारी मांग है कि अब ऐसे जेहादी मानसिकता के लोगों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिये। यज्ञेश चावड़ा ने कहा कि सार्वजनिक और शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने, लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने, तथा जनजातीय क्षेत्रों में शोषण रोकने के लिए विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित करने की हमारी सरकार से मांग है।

**गौरतलब है कि हिन्दू संगठनों ने महाराष्ट्र के नासिक में एक निजी कंपनी से जुड़े मामले, अमरावती और बालाघाट में सामने आए लव जिहाद तथा धर्मांतरण के मामलों पर भी अपना विरोध दर्ज कराया। काली पुतली चौक पर धरना देकर सभी ने 'जेहादी मानसिकता' को बेटियों, धर्म और देश के लिए खतरा बताते हुए सरकार से ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की मांग की।**

## बालाघाट में प्रस्तावित 205 फीट हनुमान प्रतिमा हेतु चित्रकूट में संत आशीर्वाद प्राप्त..

### जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी से मंदिर समिति की सौजन्य भेंट..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के भरवेली क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर स्थित सिद्धपीठ विष्णुधाम मंदिर में बनने जा रही विश्व की सबसे भव्य एवं विशाल 205 फीट***

ऊँची भगवान श्री हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा एवं भव्य मंदिर निर्माण के महा संकल्प को संतों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में दिनांक 16 अप्रैल 2026 को मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पवित्र नगरी चित्रकूट में स्थित श्री तुलसी पीठ सेवा न्यास पहुँचकर जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी से सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर समिति द्वारा जगतगुरु जी को श्रद्धा एवं सम्मान स्वरूप कोदो का चावल एवं सत्तू भेंट किया गया, जिसे उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार किया। भेंट के दौरान प्रस्तावित 205 फीट हनुमान प्रतिमा एवं भव्य मंदिर निर्माण के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी ने इस महापावन कार्य के लिए अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए इसे सनातन धर्म, आस्था एवं सांस्कृतिक जागरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताय उन्होंने भविष्य में बालाघाट पधारकर इस दिव्य कार्य हेतु अपने आशीर्वचन प्रदान करने की सहमति भी प्रदान की, जिससे समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में अत्यंत हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यह प्रस्तावित निर्माण केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि रामभक्ति, हनुमत शक्ति एवं सनातन गौरव के पुनर्जागरण का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस दिव्य संकल्प में सहभागी बनने का आह्वान किया है, ताकि यह महाअभियान शीघ्र ही पूर्णता को प्राप्त कर सके।


### आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 924487 2544/9201340520


## बालाघाट के जैन रेस्टॉरेंट में लगी आग, हजारों का नुकसान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि में नावेल्टी हाउस मार्ग पर स्थित जैन रेस्टारेंट के आईस्क्रीम पार्लर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग***

लग गई, जिससे कि हजारों रुपये की आईस्क्रीम, फ्रीजर और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका का फायर अमला मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। आगजनी के बाद सुरक्षा कारणों से विद्युत विभाग ने तत्काल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकान संचालक दिनेश कुमार जैन के अनुसार, जले हुए सामान का आकलन करने के बाद ही वास्तविक नुकसान की जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल, हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।


### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*


### निविदा सूचना

बालाघाट जिले के व्यापारियों की सूचित किया जाता है कि एनसीसी बालाघाट का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 04 मई से 13 मई 2026 तक कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में आयोजित होगा, जिसमें लगभग 500 कैडेटों एवं स्टाफ ने भाग लेना है। इच्छुक व्यापारी राशन / साग - सब्जी वितरण हेतु 28 अप्रैल 2026 तक बंद लिफाफे में अपनी निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। 6 म.प्र. बटालियन एनसीसी, बालाघाट (म.प्र.)

# प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के होनहार विद्यार्थियों का कलेक्टर मृणाल मीना ने किया सम्मान

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सबसे अधिक बालाघाट जिले के 45 छात्र-छात्राओं ने बनाया है स्थान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2026 का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया है। बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में बालाघाट जिले के 45 छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान बनाकर बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है। प्रदेश के सभी 55 जिलों में बालाघाट एकमात्र ऐसा जिला है जिसके सबसे अधिक 45 छात्र-छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है।***



प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले इन होनहार विद्यार्थियों का 18 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी 45 छात्र-छात्राओं को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया। कार्यक्रम में जिले को गौरवान्वित करने वाले इन छात्र-छात्राओं का हार पहनाकर कर स्वागत किया गया और उनका मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ उनके विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस सफलता को हासिल करने में छात्र-छात्राओं की मेहनत के साथ उनके शिक्षकों का परिश्रम और माता-पिता का प्रोत्साहन शामिल है। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वे इस सफलता को आगे की कक्षाओं में भी बरकरार रखेंगे। उनकी इस सफलता से अन्य बच्चों को भी अच्छी पढ़ाई कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में वे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल करने के बाद उसे निरंतर बनाए रखना चुनौती पूर्ण कार्य होता है। अथक परिश्रम से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ ना डालें, बल्कि उन्हें निरंतर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने इस अवसर पर बताया कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा नियमित रूप से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समीक्षा की जाती रही है और परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के निर्देश दिए जाते थे। जिले की शालाओं में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वारा तत्परता से प्रयास किए गए हैं। शाला में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की गई। उनके निरंतर मार्गदर्शन में बालाघाट जिले के शिक्षकों ने निरंतर अच्छा काम किया है, जिसके कारण बालाघाट जिले का बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बहुत अच्छा आया है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हो गये हैं उन्हें एकेडमिक मार्गदर्शन देने के लिए टाइम-टेबल बनाया गया है और उनकी 05 मई तक कक्षाएं लगाई जाएंगी।

### बालाघाट जिले की बालिकाओं ने लहराया परचम, 34 बालिकाए प्रावीण्य सूची में शामिल ..

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बालाघाट जिले के कुल 45 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। कक्षा 10 वीं के 37 एवं कक्षा 12 वीं के 08 विद्यार्थी हैं। इसमें 34 बालिकाएं और 11 बालक हैं। बालाघाट जिला मध्यप्रदेश राज्य का सर्वाधिक स्त्री-पुरुष लिंगानुपात वाला जिला है यहां पर 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1021 है। बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में बालिकाओं की संख्या में भी यह परिलक्षित हो रहा है। बालाघाट जिले का कक्षा 10 वीं का परिणाम 87.19 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं का परिणाम 86.67 प्रतिशत रहा है।

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतेरा की कु. अक्षरा घोडेश्वर ने 500 में से 498 अंक लेकर दूसरा स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट के शिवम बोपचे ने 497 अंक लेकर तीसरा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम की कु. भूमि बिसेन ने 496 अंक लेकर चौथा स्थान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्हारपुर के दिव्यांश चावके एवं सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की नैना लिल्हारे ने 495 अंक लेकर पांचवा स्थान, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर के निश्चय राणा एवं कु. डेजी बिसेन तथा शासकीय हाईस्कूल टेकाडी की कु. निधी पुंड, शासकीय हाई स्कूल सारद सिवनी की कुमारी पल्लवी बांते व सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के रेयांश चौरागढे ने 494 अंक लेकर छटवॉ स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी की जागृति लिल्हारे, हायर सेकेण्डरी विद्यालय जाम के विनायक ठाकरे, नवीन हाईस्कूल रिसेवाडा के रौनक बागडे, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेण्डेझरी के पियुष टेम्भरे, सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के अनंत पंचेश्वर, कु. अंशिका गंगभोज ने 493 अंक लेकर 07 वॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. दिशा गौतम, सार्थक पब्लिक स्कूल किरनापुर की कु. विशाखा बापुरे, बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर के ललित पारधी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाडाघाट की तनवी नगपुरे ने 492 अंक लेकर आठवॉ स्थान, एमसीएस स्कूल बालाघाट की कु. शिवांगी पाण्डे, सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर की कु. रागिनी पटले, हायर सेकेण्डरी स्कूल आलेझरी की कु. मनु काटनकर, हाईस्कूल कोसुम्बा के डेविड उचबगले, हाईस्कूल टेकाडी की कु. वाणी सोनी, नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी की कु. पीहू परीमल, उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट की कु. हीना ठाकरे, वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट की कु. यामिनी शरणागत, कु. हिमांशी कुथे ने 491 अंक लेकर 09वॉ स्थान, केशव इंग्लिश हाईस्कूल वारासिवनी की कु. प्रीत राणा, आईडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी की कु. माही सुलाखे, सांदीपनि स्कूल रजेगांव की कु. स्मृति कावरे, बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा की कु. अंशु राहंगडाले, कु. माही राहंगडाले, सांदीपनि स्कूल बालाघाट की कु. निशा तिलासे, कु. श्वेता बाटे, कु. देवांशी देशमुख ने 490 अंक लेकर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है। 12वीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला समूह से शिवम अवधिया हायर सेकेण्डरी स्कूल बल्हारपुर ने 500 में से 482 तथा गणित समूह की कु. भावना पटले कन्या उच्चतर हायर सेकेण्डरी कटंगी ने 500 में से 485 अंक हासिल कर 08वॉ स्थान, वाणिज्य समूह के आर्य गिरी गोस्वामी नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे ने 481 अंक प्राप्त कर 10वॉ, कृषि समूह से स्वाति उइके एवं मृणाली ठवरे हायर सेकेण्डरी झालीवाडा ने 484 अंक प्राप्त कर 05वॉ स्थान, जीव विज्ञान समूह से कु. स्तुति जैन वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा ने 489 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान एवं इसी स्कूल की कु. अश्विनी पारासर ने 483 अंक प्राप्त कर 09वॉ स्थान, अदिती तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर 10वॉ स्थान प्राप्त किया है।

### शिक्षिका शकुन नगपुरे की कक्षा के 05 बच्चे प्रावीण्य सूची में शामिल

प्रदेश की कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में बालाघाट जिले के 37 छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाया है। इसमें सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कक्षा 10 की कक्षा शिक्षिका श्रीमती शकुन नगपुरे की कक्षा के 05 विद्यार्थी शामिल हैं।इन बच्चों की सफलता में शिक्षिका शकुन नगपुरे का परिश्रम भी शामिल है जो अन्य शिक्षिकों के लिए प्रेरणादायी है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा के तहत बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..










**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन में जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक ÷नारी शक्ति वंदन÷ पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।***

इस अभियान के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने हेतु जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शासकीय मॉडल बालिका छात्रावास बैहर, आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास एवं शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर बैहर, जिला बालाघाट से श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक एवं कानूनी अपराध है, जो बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह कराने, उसमें सहयोग करने या उसे बढ़ावा देने पर सख्त कानूनी कार्रवाई एवं दंड का प्रावधान है।

इस अवसर पर विकासखंड एवं जिला स्तर पर गठित बाल विवाह रोकथाम टीमों की जानकारी भी साझा की गई, जो इस कुप्रथा को रोकने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। छात्राओं को यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर दी जा सकती है, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें, ताकि बालिकाओं के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## बालाघाट में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन और एलपीजी आपूर्ति की कलेक्टर ने की समीक्षा

### कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***18 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) एवं एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में जिले में गैस आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में मेघा गैस लिमिटेड के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे वरिष्ठ स्तर पर समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त करें और जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कार्य शुरू करने की प्रक्रिया को तेज करें। साथ ही उन्होंने सिविल वर्क सहित आगामी कार्यों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति (छ्ररुष्ट) का गठन 17 फरवरी 2026 को किया जा चुका है। समिति द्वारा समय-समय पर बैठक कर इस योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। बैठक में बताया गया कि बालाघाट जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के कार्य के लिए मेघा गैस लिमिटेड को नामांकित किया गया है तथा इसके लिए जिला नोडल अधिकारी के रूप में श्री आशुतोष शर्मा अधिकृत हैं। हालांकि, अभी तक जिले में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं हो सकी है। एजेंसी की ओर से बताया गया कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर वरिष्ठ स्तर से अभी तक आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। वर्तमान में जिले में नेशनल हाईवे पर स्थित बालाघाट तहसील क्षेत्र में एक सीएनजी फिलिंग स्टेशन संचालित हो रहा है। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर एवं मेघा एजेंसी के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भोजन व्यवस्था..





**जगप्रेरणा बैहर।**

***नगर में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने भाग लिया।***

रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां ÷जय भीम÷ के नारों के साथ बाबा साहब के विचारों का प्रचार-प्रसार किया गया। रैली के दौरान कादिर बिरयानी सेंटर द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई, जिससे गर्मी में लोगों को काफी राहत मिली। इस सराहनीय पहल की सभी ने प्रशंसा की। शाम को जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत एवं नाटक प्रस्तुत कर बाबा साहब के जीवन और उनके संघर्षों को दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम में शामिल लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस प्रकार पूरे नगर में डॉ. अंबेडकर जयंती उत्साह, एकता और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई।

## झंडे उठाने वाले, झंडे गाड़ नहीं सकते - संजय अश्क

### समतपुरी में कवि सम्मेलन सम्पन्न..



**जगप्रेरणा कटंगी।**

कटंगी मुख्यालय से 9 किमी दूर ग्राम समतपुरी में महात्मा फुले और बाबा साहेब आम्बेडकर की संयुक्त जयंती 17 अप्रैल को बड़े धूम-धाम से मनाई गई। ग्राम में शाम को रेली निकालकर मंचीय उद्बोधन दिया गया। फिर रात्रि 9.30 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां जिले की नामचीन हस्तियों ने शिरकत कर एक शाम बाबा साहेब के नाम कार्यक्रम को यादगार बना दिया । स्थानीय कवि गोंविदा गावठी के संयोजन और राष्ट्रीय कवि शैलेश शैल के बेहतरीन संचालन में रात 1 बजे तक श्रोताओं ने कविताओं का आनंद लिया।सब टीवी फेम लता शबनम की सुमधुर आवाज में बुद्ध वंदना की गई। तत्पश्चात पुलपुट्टा के युवा कवि की कविताओं से मंच की शानदार शुरुआत की गई। उनकी पंक्तियां दुम हिलाने वाले शेर सा दहाड़ नहीं सकते, तुफानों से डरने वाले बन पहाड़ नहीं सकते। इसके उसके पिछे ही घुमते रह जायेंगे, झंडे उठाने वाले, झंडे गाड़ नहीं सकते।खूब पसंद की गई। उसके बाद मनोज रामटेके के मुक्तक पर खूब तालियां मिली। बालाघाट की कवयित्री लता शबनम की पंक्तियां मेरा शत् शत् नमन है देश के उस युग प्रणेता को हमे हक्क दे गया उस शेरे दिल जांबाज नेता को, हमारे पांवों से जूल्मो की बेड़ी तोड़ दि जिसने नमन प्रज्ञा प्रकाशी धन्य उस भिमाई माता को। पर खूब वाहवाही मिली। अंतू झकास के हास्य पर खूब ठहाके लगे। उनका भीम गीत बहुत पसंद किया गया। गोंविदा गावठी के गीत कानों में मिश्री की तरह घुल गये।अंत में शानदार संचालन करते देश के मशहूर कवि शैलेश शैल की कविताओं ने शमां बांध दिया। उनकी पंक्तियां आसमां से ऊँचे काम जिसके है,दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है दासता से मुक्ति दिलाकर बतला दिया भीम ने, हम है मर्ज़ी के मालिक गुलाम किसके है। ने सबका दिल जीत लिया। अंत में सभी कवियों का आभार समिति ने व्यक्त किया।

## बैहर में भगवान परशुराम जयंती मनाया जायेगा धूम धाम से..

**जगप्रेरणा बैहर।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैहर में ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम जयंती का आयोजन पटेल सिनेमा हॉल में किया जा रहा। ब्राह्मण समाज के सचिव निरंजन शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल 3026 को सुबह से ही पूजा अर्चना के साथ ही बैहर नगर में शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया जायेगा। तथा वृद्ध जनों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात भोजन की व्यवस्था की गई है।

## जनगणना–2027 : 16 से 30 अप्रैल तक चलेगा जनगणना का प्रथम चरण..

### नागरिकों से अपने एंड्रॉयड मोबाइल या इंटरनेट वेबपोर्टल पर सेल्फ इन्म्यूरेशन(स्व-गणना) करने की अपील..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना–2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व–गणना प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। इस अवधि में अधिक से अधिक लोगों से स्व–गणना करने की अपील की गई है।***

आम जन से इस अवधि के दौरान अपने एंड्रॉयड मोबाइल या स्मार्टफोन से या वेबसाईट पर स्वयं जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं और अपने परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जिसका लिंक है: ह्लह्लह्लश्चह्य://ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठ-ह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ है। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल के बीच नागरिक 'स्व-गणना' प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

स्व-गणना के तहत नागरिकों को ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होगा। जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी।

नागरिकों से अपील की गई है कि स्व-गणना के दौरान सही उत्तर देना धारा 8 के तहत अनिवार्य है। स्वगणना में सभी प्रश्नों का सही उत्तर दें। अंतिम सबमिशन से पहले, स्वगणना के माध्यम से दर्ज आंकड़ों की पर्यवेक्षकों द्वारा फील्ड विजिट के दौरान जांच की जाएगी।

सेल्फ इन्म्यूरेशन (स्व-गणना) की प्रक्रिया बहुत आसान है और लगभग 05 मिनट में पूरी हो जाती है। प्रकिया पूरी होने पर एक आईडी जनरेट हो जाती है। इस आईडी को अपने पास सुरक्षित रखना है। 01 मई से जनगणना के दूसरे चरण में जब प्रगणक घर घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे तो उन्हें यह आईडी बताना है। प्रगणक द्वारा इस आईडी में भरी गई जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। जिससे प्रगणक का काम आसान हो जाएगा। अतः जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल तक सेल्फइन्म्यूरेशन स्व-गणना अवश्य कर लें और अपनी आईडी प्राप्त कर लें।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

## पोषण पखवाड़ा एवं नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित










**जगप्रेरणा बालाघाट।**

पोषण पखवाड़ा (9 से 23 अप्रैल 2026) एवं नारी शक्ति वंदन पखवाड़े (10 से 25 अप्रैल 2026) के अंतर्गत परियोजना बालाघाट (नवीन) के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 64 में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के समन्वय से संपन्न हुआ। शिविर में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के संबंध में आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

साथ ही बाल विकास एवं प्रारंभिक देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती नेहा ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती यनिता रहांगडाले एवं आयुष विभाग से श्रीमती विद्या सोनगड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।शिविर में शामिल हितग्राहियों ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक)' के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए शासन के प्रति आभार भी प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। यह विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करता है। इससे महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता बढने़ के साथ-साथ समाज में समानता, सशक्तिकरण और समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। यह कानून महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं नेतृत्वकारी भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध होगा।

## 'पीपरझरी के छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में लहराया परचम, रचा नया इतिहास'



**जगप्रेरणा पीपरझरी।**

हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुये जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शासकीय हाईस्कूल पीपरझरी के छात्रों ने न केवल अपनी कड़ी मेहनत, सतत् परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया बल्कि विगत वर्षों के परीक्षा परिणाम के रिकार्ड से आगे प्रतिमान स्थापित किया।

ऐसा परीक्षा परिणाम सुनकर इस क्षेत्र के पालकगण व विद्यालय प्राचार्य व शिक्षक गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। परीक्षा परिणाम में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा कु. मोसमी राहंगडाले ने 94.2 प्रतिशत अंको के साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही द्वितीय स्थान पर कु हिमानी बिसेन 93.6 प्रतिशत अंक सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त किया व छात्र कुणाल पारधी ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।क्रमशः रिया बिसेन 87.2 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान, हिमांशु टेम्भरे 86.8 प्रतिशत पंचम स्थान, तनु कटरे 85.8 प्रतिशत छटवां स्थान, पल्लवी चौधरी 85.2 प्रतिशत, आदित्य वाहने 81 प्रतिशत, नैतिक नंदागौली 78.2 प्रतिशत व पलक सावनकर 77. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, इन सभी छात्रों ने विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम समग्र रूप से सराहनीय रहा अर्थात कुल परिणाम 73.2 प्रतिशत रहा।

आशानुरुप परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के दृष्टिकोण से छात्रों का समन्वित प्रयास साथ ही विद्यालय द्वारा योजनाबद्ध ढंग से शासन के निर्देशों का पालन कर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सी के मण्डलेकर के सानिध्य में रोडमैप तैयार कर समस्त शिक्षकों ने प्रयास किया साथ ही अपेक्षित परीक्षा परिणाम प्राप्त करने हेतु पालकों का अभूतपूर्व सहयोग रहा। विद्यालय प्राचार्य द्वारा समस्त शिक्षकों व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों व पालकों को बधाई प्रेषित कर सभी उज्जवल भविष्य की हार्दिक कामना की गई।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900

# विकास का महायज्ञः विधायक गौरव सिंह पारधी ने कटंगी की तीन पंचायतों को दी 5.66 करोड़ की सौगात

जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के संकल्प को साकार करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने क्षेत्र की तीन प्रमुख ग्राम पंचायतों - देवरी, बिछवा और नंदौरा में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है।***





लगभग 566.79 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन निर्माण कार्यों के भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के एक नए युग की शुरुआत हो गई है।

## देवरी में विकास के साथ सामाजिक सरोकार

ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री पारधी ने राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत 19.58 लाख की लागत से बनने वाली 'कन्हारटोले से देवरी' सी.सी. सड़क का भूमिपूजन किया। यह मार्ग ग्रामीणों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा का विषय था।

विकास कार्यों के साथ-साथ विधायक ने सामाजिक और शैक्षिक सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को उनके अपने पक्के घर के 'स्वीकृति प्रमाण पत्र' वितरित किए गए। साथ ही, शिक्षा के प्रति ग्रामीण बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रवीण्य सूची **(Merit List)** में स्थान पाने वाले होनहार विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा, ÷जब गाँव का बच्चा शिक्षित होगा और गरीब के सिर पर अपनी छत होगी, तभी असली विकास माना जाएगा।÷ कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच नवीन मानिकचंद चौकसे ने की। इस दौरान जिला पंचायत सभापति श्रीमती केशर बाई बिसेन, मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, प्रकाश सोनवाने, संतोष तुरकर, और अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

## बिछवा और नंदौरा में कनेक्टिविटी को मिली मजबूती

विकास की यह लहर ग्राम पंचायत बिछवा तक भी पहुँची, जहाँ विधायक ने सबसे बड़ी सौगात बिछवा-हीरापुर-चांदाडोह क्कड्ड.ष्ठ. मार्ग के रूप में दी। 520.32 लाख की लागत से बनने वाले इस 5.80 किमी लंबे मार्ग से दर्जनों गाँवों का संपर्क सुगम हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, बिछवा में ही 14.91 लाख की लागत से अन्य सी.सी. सड़कों का भी शिलान्यास किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत नंदौरा में 11.98 लाख की लागत से आंतरिक गलियों के लिए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों से गाँवों में जलभराव और कीचड़ की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

## एक नजर में मुख्य बिंदुः

कुल निवेशः क्षेत्र में कुल 566.79 लाख के विकास कार्यों की आधारशिला। प्रमुख कनेक्टिविटीः बिछवा-चांदाडोह मुख्य मार्ग और तीनों पंचायतों में सी.सी. सड़कों का जाल। सशक्तीकरणः प्रधानमंत्री आवास के प्रमाण पत्र वितरण और मेधावी छात्र सम्मान समारोह।

## जनता से संवाद और भविष्य का रोडमैप

विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य कटंगी के हर गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ना और बुनियादी सुविधाओं को घर-घर पहुँचाना है। उन्होंने कहा, ÷बिछवा-चांदाडोह जैसे मार्ग वर्षों से उपेक्षित थे, लेकिन अब ग्रामीणों को सुगम आवागमन मिलेगा। हमारा प्रयास है कि विकास की यह रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए।÷

इस दौरान सचिव राज सहारे, सहायक सचिव शंकरलाल राहंगडाले, पूर्व सरपंचगण और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

# परसवाड़ाघाट में 19 अप्रैल को महात्मा फुले, सम्राट अशोक, छत्रपति शिवाजी महाराज एवं डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जयंती पर विशाल सार्वजनिक समारोह..

जगप्रेरणा परसवाड़ाघाट।

***बालाघाट जिले के ग्राम परसवाड़ाघाट में 19 अप्रैल को महापुरुषों की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल सार्वजनिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रमाई बौद्ध विहार प्रांगण में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाजसेवी सहभागिता करेंगे।***




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आयुष्मान हेमंत साहू (राष्ट्रीय अध्यक्ष, छात्र मोर्चा, ओबीसी महासभा) एवं जनपद उपाध्यक्ष बिरसा उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष, बालाघाट जिला बौद्ध संघ) शामिल होंगे।

विशेष अतिथियों में आयुष्मति चंद्रकला तांडेकर (सरपंच, ग्राम परसवाड़ाघाट), मनोज बोपचे (सभापति, जनपद पंचायत कटंगी), प्रकाश ऊके (जिला पंचायत सदस्य, बालाघाट), जगदीश सवालाखे (उपसरपंच, ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट), डॉ. तरुण तुरकर (अध्यक्ष, क्षत्रिय पवार समाज), भीमराव लांजेवार (अध्यक्ष, परारमाली समाज संगठन), राजकुमार हरिनखेड़े, भीमप्रकाश बोरकर (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, ओबीसी महासभा बालाघाट), लक्की बोपचे (युवा समाजसेवी), रामचंद मेश्राम (सर्कल अध्यक्ष, नांदी), भोजराज वासनिक (सामाजिक कार्यकर्ता, नांदी) एवं प्रमोद राउत (अध्यक्ष, बुद्ध आंबेडकर प्रचार केंद्र, मध्यभारत खजरी) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष्मान दलित मेश्राम (अध्यक्ष, तहसील बौद्ध संघ तिरोड़ी) करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर में पंचशील चौक पर ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 5:30 बजे अतिथियों के उद्बोधन का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम परसवाड़ाघाट के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भोजन वितरण किया जाएगा तथा प्रसिद्ध कलाकार राजेंद्र मेश्राम ÷नील÷ द्वारा भगवान बुद्ध, महात्मा फुले एवं डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के जीवन पर आधारित भव्य आर्केस्ट्रा प्रस्तुति दी जाएगी। ग्रामीण बौद्ध संघ के अध्यक्ष आयुष्मान मगनलाल खोबरागड़े ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस गरिमामय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# दो दिवसीय 'कपिदेलदेव प्रीमियर लीग' का सफल आयोजन, छात्रों ने दिखाया खेल कौशल

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***राजा भोज कृषि महाविद्यालय मुरझड़-वारासिवनी में 15 एवं 16 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय ÷कपिदेलदेव प्रीमियर लीग÷ क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष से लेकर चतुर्थ वर्ष तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।***





इस प्रीमियर लीग का आयोजन डॉ. सुनील कुमार रजक एवं डॉ. पूजा गोस्वामी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे प्रतियोगिता का माहौल और अधिक रोचक एवं ऊर्जावान बन गया।

प्रतियोगिता में थर्ड ईयर बॉयज टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं छात्राओं एवं स्टाफ के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में छात्राओं ने विजय प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट परिचय दिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। इस सफल आयोजन में स्टाफ सदस्य डॉ. शैलेन्द्र भलावे, डॉ. रमेश अमूले, श्रीमती बरखा मेश्राम, श्री कमलेश्वर गौतम, श्री अनिल उराड़े एवं श्री संदीप डेकाते की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को बधाई दी गई।

# ब्रह्म समाज कटंगी द्वारा वयोवृद्धों का सम्मान, आशीर्वाद से अभिभूत हुआ समाज

जगप्रेरणा कटंगी।

***ब्रह्म समाज एवं ब्रह्म समाज महिला मंडल द्वारा कटंगी क्षेत्र के समाज के वयोवृद्ध नागरिकों के सम्मान एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत घर-घर जाकर वरिष्ठजनों का तिलक,***





शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस आयोजन ने समाज में सेवा, संस्कार और सम्मान की परंपरा को जीवंत रूप प्रदान किया। इसी क्रम में ब्रह्म समाज कटंगी के पितामह, 101 वर्षीय ग्राम सावरी निवासी पंडित रामस्वरूप चौबे जी का विशेष सम्मान किया गया। 'विप्र रत्न' से सम्मानित पंडित चौबे जी ने अपनी दीर्घायु और सादगीपूर्ण जीवन से समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। ÷जैसा नाम वैसा ही स्वभाव ङ्क राम स्वरूप÷ की कहावत को चरितार्थ करते हुए उन्होंने जीवनभर सरलता, सहजता और सेवा भाव को अपनाया।

101 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत भी पंडित चौबे जी की स्मरण शक्ति एवं प्रसन्नचित्त व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जीवनपर्यंत पुरोहित कर्म का निर्वहन करते हुए परिवार, यजमान एवं समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान दृष्टि से देखा और सदैव अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन किया। सम्मान कार्यक्रम के दौरान ब्रह्म समाज की मातृशक्तियों एवं विप्र बंधुओं ने उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिसे उन्होंने अत्यंत स्नेहपूर्वक प्रदान किया। उपस्थित सभी लोगों ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया।

इस अवसर पर ब्रह्म समाज एवं ब्रह्म समाज महिला मंडल, कटंगी द्वारा क्षेत्र के अन्य वयोवृद्ध नागरिकों का भी सम्मान कर उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद को समाज के लिए अमूल्य धरोहर बताया गया। समाजजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि पंडित रामस्वरूप चौबे जी सहित सभी वयोवृद्धजन दीर्घायु, स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें तथा उनका स्नेह और आशीर्वाद समाज पर सदैव बना रहे।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## 135 वी जयंती पर याद किए गए संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब अंबेडकर जी..






जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल शाखा नेवरवाही के अंतर्गत ग्राम गुलपुर में भारतीय संविधान के शिल्पकार, बोधिसत्व डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जी की 135वीं जयंती*** बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अखंड भारत के संस्थापक सम्राट अशोक, सामाजिक क्रांति के पितामह महात्मा ज्योतिबा फुले जी, शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले जी तथा त्यागमूर्ति माता रमाई जी की जयंती भी मनाई गई।

कार्यक्रम के तहत प्रातः 06:30 बजे बुद्ध विहार नेवरवाही में महापुरुषों की छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की गई। प्रातः 07:00 बजे अंबेडकर चौक नेवरवाही से सद्भावना बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बौद्ध भाई-बहनों ने भाग लिया। रैली लोड़ामा, बेलगांव, देवरबेली, कंसूली, सर्रा, नंदोरा, भानुटोला, खुर्सीटोला, वालेगांव, घोटी, पौसेरा होते हुए ग्राम गुलपुर में समाप्त हुई। शाम 06:00 बजे ग्राम गुलपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उद्बोधन सत्र का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक, अध्यक्षता धीरज वाहने अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल शाखा नेवरवाही एवं आनंद रामटेके वरिष्ठ बौद्धाचार्य की प्रमुख उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण के साथ की गई। इसके बाद कुमारी यशस्वी वाहने द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान के कारण ही आज हर वर्ग के लोग ऊंचे पदों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के हर बच्चे को समान शिक्षा मिल रही है और बच्चे अपनी प्रतिभा से क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही तथा ग्राम गुलपुर में डॉ. अंबेडकर सभा मंच बनाने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पी.के. भीमटे अध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा लांजी, के. के. भालाधारे, पी.डी. भालाधारे, एम. के. बौद्ध, शशि बौद्ध, वंदना वैद्य, चंद्रदीप रामटेके, कैलाश वैद्य आदि वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर, महात्मा फुले एवं अन्य महापुरुषों के जीवन संघर्ष तथा उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धीरज वाहने ने बताया कि इस वर्ष 14 गांवों को एक साथ जोड़कर सर्कल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने डॉ. बाबासाहेब के तीन सूत्री मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' पर बल दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी उपासक-उपासिकाओं का आभार व्यक्त किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग डांस, भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक रामटेके द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय गोस्वामी पार्षद, सूरजदीन गुप्ता, चुन्नीलाल हरदे, तिलक चोखांदरे, गोवर्धन बोरकर, प्रेमदास बागड़े, रविंद्र बागड़े, सत्यभामा राउते, बेनीराम चौरे, तिलकचंद वाहने, गुलाबचंद गोस्वामी, विनोद नागदेवे, कृष्ण कुमार नागदेवे, वीरेंद्र बागड़े, विजय मेश्राम, गौतम गोस्वामी, रामकुमार बोरकर, सुरेंद्र वाहने, सुमित सोनटेके, कुंदन वाहने, ऋषभ ऊके, संयम वाहने, उमेंद्र रावते, प्रकाश चोखांदरे, अशोक खोबरागड़े, मनोज गढ़पायले, अनिल गढ़पायले, महेंद्र बागड़े, यशवंत मेश्राम, समल मसराम, करुणा वाहने, फुलवंती चौखांदरे, ममता राउते, रितु गढ़पायले, आशा मेश्राम आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किलोमीटर अंकित पत्थर से टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल..

**ससुराल आया था महेंद्र सोनवाने..**







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी पुलिस अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम मिरीया में घटित हुये एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई तथा दुसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है।***

घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार महेन्द्र पिता दुर्योधन सोनवाने उम्र 25 वर्ष निवासी चंगेरा थाना रामपायली जो कि अपने भतीजे लोकेश पिता धनलाल वाघारे उम्र 18 वर्ष के साथ अपनी ससुराल मिरीया आये हुये थे। 18 अप्रैल को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच कारंजा बाजार सामग्री क्रय करने गये थे,

वापस अपने ग्राम मिरीया अपनी मोटर सायकल एमपी 50 जेडसी 8205 से आ रहे थे तभी मिरीया के पास सडक़ किनारे स्थापित किलोमीटर अंकित मील के पत्थर से मोटर सायकल जा टकराई, हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही मोटर सायकल में सवार लोकेश पिता धनलाल वाघारे की घटना स्थल पर मृत्यू होना बताया गया तथा महेन्द्र सोनवाने गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देखते ही स्थानीय लोगो के द्वारा 108 एंबुलेंस एवं डायल 112 पुलिस वाहन को सूचित किया गया मौके पर डायल 112 के पुलिस पंहुचकर घायल महेन्द्र सोनवाने को तत्काल घटना स्थल से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती करवाकर उपचार करवाया गया जहां घायल के पैर में गंभीर चोट होने के चलते गोंदिया रिफर किया गया वहीं। मृतक लोकेश के शव को बहेला पुलिस के द्वारा सामुदायिक अस्पताल बहेला ले जाकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है साथ ही पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर घटना को विवेचना में लिया गया है।

## वनों को आग से बचाने वन विभाग का जागरूकता अभियान का संचालन..

### जल-जंगल, जमीन से होगा पर्यावरण संरक्षण..





जगप्रेरणा लांजी।

फायर सीजन को दृष्टिगत रखते हुए वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य वन विभाग द्वारा वनों को आग से सुरक्षित रखने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। वनों से सटे ग्राम सीतापला, कट्टिपार, पीपलगांव एवं कोसमदेही में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महुआ फूल एवं तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान होने वाली वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण करना तथा वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार के नेतृत्व में संचालित इस अभियान में वन अमले के सदस्य संजय विश्वकर्मा, दिलीप उईके, निमेंद्र मलघाटी, संजय दुरूगकर, रत्ना भलावी, संगीता कोकोडे, कन्हैया गायकवाड़, विवेक बंसोड़ एवं प्रियंका रामटेके की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। अभियान के तहत ग्रामों में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। वन अधिकारियों ने समझाइश दी कि महुआ फूल संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग लगाने की परंपरा न केवल खतरनाक है, बल्कि यह पूरे जंगल को भयंकर आग की चपेट में ले सकती है। इसके स्थान पर सूखे पत्तों को झाड़ू से हटाकर सुरक्षित तरीके से संग्रहण करने की सलाह दी गई। इसी प्रकार तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान भी विशेष सतर्कता बरतने, समूह में कार्य करने तथा वन्य प्राणियों की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आगजनी की सूचना तत्काल वन विभाग को देने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांवों के प्रमुख चौक-चौराहों पर पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाए गए। साथ ही वनकर्मियों एवं वन समिति सदस्यों द्वारा वाहन रैली निकालकर व्यापक स्तर पर संदेश का प्रसार किया गया, जिससे ग्रामीणों में अभियान के प्रति उत्साह और सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई गई लघु फिल्में रहीं, जिनमें वनाग्नि से होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं और इन्हें सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान बैठक में वन अधिकारियों के साथ मोहन लाल मड़ावी वन समिति अध्यक्ष सीतापाला, गोहलाल मड़ावी, पवन कुम्हरे, गणेश मर्सकोले सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती पर सुनील मेश्राम को किया गया सम्मानित



जगप्रेरणा किरनापुर।

सुदूर वनांचल आदिवासी क्षेत्र में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस पावन अवसर पर शील दीप, बुद्ध विहार' पल्हेरा द्वारा धम्म पेंटिंग प्रदान करके अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाने वाले राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील मेश्राम को बुद्धिष्ट सोसायटी पल्हेरा द्वारा सार्वजनिक स्तर पर सम्मानित किया गया। बताया गया कि सुनील मेश्राम जी द्वारा बुद्धिष्ट सोसायटी पल्हेरा की स्थापना, बाबा साहेब के मंच का निर्माण कार्य एवं बाद में बुद्ध विहार पल्हेरा की शुरुआत करवाई गयी थी। सुदूर जनजातिय क्षेत्रों में गांव-गांव घूमकर फूले-अम्बेडकर के विचारों की सामाजिक कांति और शिक्षा को बढ़ाने का कार्य किया गया, समाज में सामाजिक एकता, समानता और स्वतंत्रता के लिए कार्य करते रहें। सुनील मेश्राम ने कुंओ से पानी भरने की समस्या एवं अंधविश्वास और सामाजिक कुरुतियों के खिलाफ संघर्ष किया एवं छूआछूत के शिकार भी हुये।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कार्य करते हुये गांव-गांव संगोष्ठियों के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों को संचालित करते हुये शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। 135 वी जयंति के अवसर पर समाज द्वारा रैली निकाली गयी। उपस्थित विकासखंड अधिकारी नरेन्द्र वैद्य जी एवं वक्ताओं ने अपने विचारों में भारतीय संविधान, भारत की अखंडता और शिक्षा पर अपने विचारों से अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जी.एस. कामड़े, एवं आभार प्रदर्शन बाबूलाल वैद्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सविता वैद्य, शकून घरडे, कुसपत्ता मेश्राम, प्रियंका धुर्वे, बेबी मेश्राम, कंचना घरड, प्रमिला बंसोड, सुशीला वासनिक, चंद्रशिला बंसोड़ का विशेष सहयोग रहा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

## मेधावी छात्राऐं महिमा एवं माही का सुयश


महिमा चौहान


माही चौहान

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम भुरसाडोंगरी निवासी गणेश चौहान की बड़ी बेटी महिमा चौहान ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी से*** कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं उनकी छोटी बहन माही चौहान ने शासकीय हाई स्कूल कालीमाटी से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 83.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। दोनों बहनों की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि स्थानीय समुदाय में भी शिक्षा के प्रति प्रेरणा का संचार किया है। ग्राम भुरसाडोंगरी की इन मेधावी छात्राओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। महिमा चौहान ने 12वीं कक्षा में 91.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं परिवार का मान बढ़ाया, जबकि माही ने 10वीं में 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

दोनों बहनों की सफलता ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। परिवार के सदस्यों ने इस खुशी के अवसर पर दोनों बहनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बड़े पापा महेश चौहान, पिता गणेश चौहान, माता हेमलता चौहान, चाचा दिनेश चौहान, छोटे चाचा रामराज चौहान तथा दादा तुलसीराम चौहान ने महिमा और माही को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दोनों छात्राओं को आगे की पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय शिक्षक व ग्रामीणों ने भी दोनों बहनों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसी मेधावी छात्राएं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने का काम करती हैं। परिवार का कहना है कि दोनों लड़कियां भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा करना चाहती हैं।

## श्रीमती शांताबाई खुशाल चुटे पंचतत्व में विलीन..



जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र के ग्राम कारंजा निवासी पूर्व सरपंच धर्मेंद्र बाडा भाऊ चुटे की माताजी श्रीमती शांताबाई खुशाल चुटे का 17 अप्रैल को रात्रि 9 बजे निधन हो गया।

आप अपने पीछे दो पुत्र धर्मेन्द्र बाड़ा चुटे व दिलीप चुटे एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गई। शांताबाई एक सरल, सज्जन और धार्मिक स्वभाव की महिला थीं। उन्होंने अपने जीवन में परिवार और समाज के प्रति हमेशा समर्पण और सेवा का भाव रखा। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और अपनापन हमेशा हम सबके दिलों में जीवित रहेगा। जिनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कारंजा की छोटी बाघ नदी के किनारे किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में इष्टमित्र, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर से परिवार को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## अतीका ने 12 वी बोर्ड में बढ़ाया नगर का मान, 81.2 प्रतिशत किया प्राप्त..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने हमेशा से ही क्षेत्र का नाम संपूर्ण जिले सहित प्रदेश में रोशन किया है। लांजी क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट*** प्रदर्शन से हर क्षेत्र में लांजी का मान बढाया है।15 अप्रैल को आये 10वीं एवं 12वीं के नतीजो ने भी यह दिखाया है कि लांजी मे होनहार प्रतिभावान छात्र छात्राओं कमी नही है जिन्हाने प्रदेश की प्राविण्य सूची मे अपना नाम दर्ज कराया है।

इसी प्राविण्यता में लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 03 में निवासरत अंसारी परिवार के बच्चो ने भी 10 एवं 12 वीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये अंसारी परिवार सहित नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि अंसारी परिवार से आतिका पिता मो. सिद्धीक अंसारी ने कक्षा 12वीं 81.2 प्रतिशत अंक, तंजिला पिता मो. आशिक अंसारी ने कक्षा 10वीं 89.4 प्रतिशत अंक, उमेर पिता मो. सादिक अंसारी कक्षा 10वीं में 72.6 प्रतिशत अंक हासिल किये है यह तीनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में अध्ययनरत है तथा कक्षा आठवीं में तैबा पिता तारिक अंसारी ने 87.5 प्रतिशत अंक हासिल किया है जो कि सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र है।

अंसारी परिवार के इन चारो होनहार प्रतिभावान छात्र छात्राओं को अंसारी परिवार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्राचार्य, शिक्षक गण, ईष्ट मित्रो के द्वारा ढेर सारी शुभकामनाऐं प्रेषित की गई है।

## शासकीय उमावि बहेला का 12 वी बोर्ड में रहा 92 प्रतिशत परिणाम..








जगप्रेरणा लांजी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल के द्वारा सत्र 2025-26 कक्षा दसवी एवं बारहवी का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बहेला से कक्षा 10 वीं के 91.67 प्रतिशत एवं 12 वी के 88.96 प्रतिशत छात्र सफल रहे। प्रथम स्थान महिमा वाल्दे 94.6 प्रतिशत, द्वितीय दिप्ती डाहरे 94.2 प्रतिशत, तृतीय भविष्य उरकुड़े 94 प्रतिशत ने प्राप्त किया ।इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में 88.96 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें तुषार नगपुरे 93.6 प्रतिशत प्रथम , कावेरी पटले 92.6 प्रतिशत दितीय, आस्था मस्करे 91.4 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष भी कक्षा 10 वीं में आठ छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि पिछले वर्ष बारह छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया था। छात्रों की इस उपलब्धि तथा वार्षिक परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्राचार्य गणेश फरदे द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दी। ज्ञात हो कि कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के व्यावसायिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसके लिए व्यावसायिक प्रशिक्षक चन्द्र प्रकाश लिल्हारे एवं प्रेमानंद लिल्हारे बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य ने असफल छात्रों को अवगत कराया कि अगले महीने होने वाली द्वितीय परीक्षा की तैयारी करें एवं नियमित रूप से शाला में शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

छात्रों को इस उपलब्धि पर संस्था के सभी शिक्षकों,पालक शिक्षक संघ एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध: पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर



पूर्व प्रधानमन्त्री श्री चंद्रशेखर को याद करते हुए एक ऐसे राजनीतिक शख्सियत का चेहरा सामने आता हैं। जो बिना राजनीतिक नफा-नुकसान की परवाह किए, देशहित में दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए देश के सामने अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। यारों के यार तो वे थे ही, अपने निजी सरोकारों के निभाने में भी उनका कोई जबाब नहीं था। चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निर्णय लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था।

### कठिन समय का मुकाबला

जीवनरक्षक दवाओं के आयात के लिए भी एक हफ्ते का विदेशी मुद्रा शेष था। पेट्रोलियम पदार्थों के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा की लगभग वैसी ही स्थिति थी। तब केंद्र में चंद्रशेखर जी की अल्पसंख्यक सरकार कांग्रेस के सहयोग से चल रही थी। देश के सामने रिजर्व बैंक का सोना गिरवी रखकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 'लोन' लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। तत्कालीन आईएमएफके चेयरमैन भारत पर कर्ज के एवज में मनमानी शर्तें थोपने पर आमादा थे। यह मानकर कि यह सरकार अल्पसंख्यक है और ज्यादा दिन चलेगी नहीं। आई एम एफचेयरमैन ने बातचीत के सिलसिले में ही एक बार यहां तक हिदायत दे दिया कि, अगर हम कर्ज देने से मना कर दिए, तब आप क्या करेंगे? चन्द्रशेखर जी का सीधा जबाब था कि- एक तो शर्तों के मुताबिक आप ऐसा कर नहीं सकते, दूसरा अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं इस मीटिंग से उठकर सीधे आकाशवाणी जाऊंगा और देशवासियों से अपील करूंगा कि आईएमएफसे कर्ज मिलने की संभावनाएं खत्म हो चुकी है। देशवासियों आप आने वाले कठिन समय का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें।

### बेबाक जबाब

जब कभी बातचीत के दौरान चंद्रशेखर जी पूछा जाता था कि, देश का सोना गिरवी रखते हुए आपको यह नहीं लगता था कि इससे देश की बदनामी होगी? चंद्रशेखर जी का बेबाक जबाब होता था कि- आखिर अपने घर की बहू-बेटियों के लिए सोने के गहने-जेवरात किस लिए दान दिए जाते हैं? उसके पीछे असली मकसद यहीं होता है कि- किसी विपरीत परिस्थिति में वे अपना गहना-जेवर गिरवी रखकर अपना जीवन निर्वाह करें। महज श्रृंगार के लिए ही गहने-जेवर नहीं होते हैं। यह एक ठेठ गवई मन के सोच का ही नतीजा है। जो प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चंद्रशेखर जी के पूरे व्यक्तित्व में आजीवन बरकरार रहा।

### सामाजिक परिवर्तन की राजनीति

वह हमेशा सत्ता की राजनीति का विरोध करते थे एवं लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता की राजनीति को महत्व देते थे। आपातकाल के दौरान जेल में बिताये समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी थी जो बाद में 'मेरी जेल डायरी' के नाम से प्रकाशित हुई। 'सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता' उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। देश के लिए अपना सर्वस्व होम करने वाले चन्द्रशेखर का जन्म 17 अप्रैल 1927 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपत्ती गांव के एक किसान परिवार में हुआ था। चन्द्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे।

क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए। उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। दुःखद 10 नवम्बर, 1990 से 21 जून, 1991 तक देश के 8 वें प्रधानमंत्री रहे चन्द्रशेखर ने मृत्यु 8 जुलाई, 2007 को अंतिम सांस ली। ऐसे महामना की जयंती पर विनम्र शब्दांजलि!

लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
पत्रकार व लेखक,

## अक्षय तृतीया का महत्व..

'अक्षय तृतीया' भारतीय संस्कृति, सभ्यता के समन्वय के उल्लास का पर्व है।यह पर्व बैशाख शुक्ल की तृतीया तिथि को मनाया जाता है।यह दिन त्रेतायुग का प्रारंभ भी माना जाता है। हर प्रदेश में विभिन्न रूप में इसे मनाने की परम्परा है।इसे अख्खा तीज भी कहा जाता है। इसदिन भगवान परशुराम जी का भी जन्म हुआ था।इस दिन विष्णु -लक्ष्मी की पूजा भी होती है। सत्तू खीर फ्ल मेवा का प्रसाद अर्पण होता है।

इस दिन से नए कार्यों की शुरुआत होती है बिना महुर्त के भी शुभ कार्य, शादी ब्याह, गृह प्रवेश किये जा सकते हैं। इसदिन लोग व्रत रहते हैं पवित्र नदियों में स्नान कर सात्विक भोजन करते हैं।

संस्कृति के अनुसार यह दिन नये परिधान, स्वर्ण आभूषण, फ़र्नीचर खरीदने का है। ग्रीष्म ऋतु में अन्न दान, छाया दानऔर जल दान का विशेष महत्व है। इस दिन का दान पुण्य भी अक्षय होता है जिसका हर प्राणी के जीवन में विशेष महत्व है। इसदिन जौ, सत्तू, अन्न, वस्त्र ,धातु छाता,के अलावा एक विशेष दान सर्वहित के लिए है जल दान जो मानव और बेजुबान प्राणियों के लिये जीवन दान के अक्षय पात्र के बराबर है।

सविता गुप्ता
प्रयागराज।

## योजनाएं देश में ऐसे चल रही है..

योजनाएं देश में ऐसे चल रही है,
गरीब को देख रंग बदल रही है।
पूंजीपतियों के बन
जाए होटल वहां
इसलिए झोपड़ियां
आग में जल रही है।

दुम हिलाने वाले शेर
सा दहाड़ नहीं सकते,
तुफ़नों से डरने वाले
बन पहाड़ नहीं सकते।
इसके उसके पिछे
ही घुमते रह जायेंगे,
झंडे उठाने वाले,
झंडे गाड़ नहीं सकते।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## ढूंढ..

रिश्तों में गहराई ढूंढ।
या केवल
तन्हाई ढूंढ।
अब तेरे दिन
हवा हुए
चल विठ्ठल
रुखमाई ढूंढ।
डीजे की मत
रटन लगा
मंगल धुन
शहनाई ढूंढ।
जिसको
जोड़ पहाड़ बना
पहले तू वह राई ढूंढ।
अरबो खरबो
कमा लिए
कहाँ है
अद्धा- पाई ढूंढ।
बदल गई
सत्ता लेकिन
क्यों बदली ना
महंगाई ढूंढ।
वो पहले
वाले बाबू ढूंढ
वो भोली भाली
माई ढूंढ।

शशि तिवारी

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..
बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## क्या तुम ही

क्या तुम ही
ईश्वर हो प्रभुवर?
अथवा,
शस्त्र ज्ञान के सागर?
बोधक, उद् बोधक
प्रलयंकर,
या महर्षि हो,
विद्या वितरक
ऋषि यायावर।
क्या तुम ही

भृगुवंशी लोहित के
वाहक,
भार्गव तो तुम
स्वयं सिद्ध हो।
प्रबल, अनाचारी,
सत्ता के सदा
सर्वदा ही विरुद्ध हो।
सप्तर्षि जमदग्नि
हुए थे धन्य,
तनय, तुम जैसा
पा कर।
क्या तुम ही

भलीभांति
मैने समझा है,
शैशव का
आक्रोश तुम्हारा।
अतिचारी
क्षत्रिय शासक को,
तुमने, कैसे,
कंहां पछाडा?
धर्मयुद्ध के
अविचल यौद्धा,
नमन कोटिशः
पूज्य परशुधर।
क्या तुम ही

तुम यथार्थ के
चिन्तक, साधक।
क्रान्तधर्मिता के
उद् घोषक।
शिष्य वर्ग में
बिम्बित शिक्षक।
परम शक्ति के
परम उपासक।
खण्डित करते
हर आडम्बर।
तुमको
कैसे कह दूं ईश्वर?
क्या तुम ही।

कैसे करूं
तुम्हारा पूजन?
पूजा विधि तो,
आडम्बर है।
किन्तु स्तवन,
और गुणार्जन,
करना ही तो
श्रेयस्कर है।
पूजन का ही
क्रिया रूप है,
अनुचारण,
अनुकरण निरंतर।
क्या तुम ही

यदि तुमको
ईश्वर मानें तो,
केवल
अन्धा पूजन होगा।
ना विश्लेषण,
नहीं अनुकरण,
बस
जय जय का
गुन्जन होगा।
तुम्ही बताओ,
तर्क धुरन्धर,
स्वीकारोगे यह
जय जय स्वर?
क्या तुम ही

भीष्म, कर्ण
जैसे शिष्यों का
प्रभु तुमने ही
सृजन किया था।
कंपित, पीडित
मानवता का
तुमने ही,
परित्राण किया था।
अब भी
पीडित है मानवता,
कितना सघन
भ्रांति का स्तर?
क्या तुम ही

बोलो
हे आराध्य,
मेरे आदर्श,
मेरे
पूर्वज, उत्प्रेरक।
ईश्वर बन कर,
बना सकोगे, हमें
स्वयं जैसा
युग सिरजक।
प्रभु,
तुम, हमको
शिष्य बना लो,
शिक्षा का वर
दे दो गुरुवर।
क्या तुम ही


मैं
परशुराम शिष्य
जीवन

## 'जहां होता है नारी का सम्मान'

जहां होता है नारी का सम्मान।
वहां रहता है भगवान।।
सृष्टि का आधार है नारी।
ममता स्नेह और प्यार है नारी।
नारी ही लक्ष्मी , सरस्वती महा काली है।
धन दौलत, बुद्धि की देवी,महा शक्ति शाली है।
नारी के सहयोग बिना संभव नहीं होता विधि का विधान।।
जहां होता है नारी का सम्मान ।
वहां रहता है भगवान।।
नारी त्याग ,तपस्या,
तेजस्विनी , प्रार्थना पूजा है।
नारी के समान सहनशील नहीं कोई दूजा है।।
सृष्टि को मिला है
ईश्वर से नारी रूप वरदान ।।
जहां होता है नारी का सम्मान।
वहां रहता है भगवान।।
आधुनिक युग में
पुरुषों के समकक्ष है नारी।
जल में थल में और गगन में हर कार्य में दक्ष है नारी।।
मातृशक्ति जिन्हें हम कहते, करती है मानव का कल्याण।।
जहां होता है नारी का सम्मान।
वहां रहता है भगवान।।
कुछ दुर्जन, दुराचारी करते नारी पे अत्याचार।
अबला कहकर अशक्त बनाते छीन लेते अधिकार।।
धीर ,वीर गंभीर रूप है मत करो नारी का अपमान ।।
जहां होता है नारी का सम्मान।
वहां रहता है भगवान।।
नारी एक अनमोल धरोहर,श्रद्धा है विश्वास है।
नारी से ही इस दुनिया में उमंग और उल्लास है।।
समस्त मातृशक्तियों
के अर्चन से होता है
सारा विश्व गतिवान।
जहां होता है नारी का सम्मान।
वहां रहता है भगवान।।

प्रणय श्रीवास्तव
'अश्क'


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 100



ck;s ls nk;s &- 1) फुल, पुष्प, रजोदर्शन 3) स्नान घर 7) मध्य 8) गिनती, हिसाब 11) एक वस्त्र या पहनावा 13) दबाव 14) बराबरी, तुल्यता, सादृश्य 15) भूमि 16) गरजमंद 17) खेत की फसल का हराभरा होना 19) विवाह से पहले वर और वधू का निश्चित किया हुआ संबंध 20) नाई की पत्नी 22) विविध, अनेक 23) सुंदर 25) उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक शहर जहां ताजमहल है 26) सामने, अग्रभाग, बाद में 27) पर्वत, पहाड़, सामान 29) माता का स्नेह 30) चन्द्रमा 31अ) आहार, खाना खाना 32) आतंक, डर 33) अभिलाषा, इच्छा 37) पैर 38) पंजाब का एक प्रसिद्ध शहर 39) शरारती, झगड़ा–बखेड़ा करनेवाला 40) राधेय, एक कुन्ती पुत्र 41) किसी राज्य का बड़ा शहर 44) बहते हुये पानी का ध्वनि 46) प्रवीण 47) खान, समूह, कोष 49) ध्वनि, आवाज 51) लादा जाना 53) अभिमान, घमंड 54) नवग्रहों में से एक 55) फुलवारी 57) पीछे मुड़ना 60) एक स्थान से दूसरे स्थान में रमनेवाला, संन्यासी 62) दिल्ली का एक दर्शनीय स्थल जहां पहले वेधशाला थी 65) दाम, मूल्य 66) पेड़ पर उल्टा लटकनेवाला एक सस्तन प्राणी 67) प्रणाम का एक शब्द 70) सारी जिम्मेदारी 72) जन्म देना 74) सीमा, सरहद 75) डग, पैर 76) दरवाजा 77) परिचित, मालूम 79) छोटा घड़ा 81) पति की बहन 83) रक्तवाहिनी, नाड़ी 86) विस्फोटक गोला 87) विष्णु 89) चकित, परेशान 90) एक मुगल बादशाह जिसने ताजमहल का निर्माण किया 91) फेर, परिवर्तन 93) प्रवीणता 95) बहुत गरम करके द्रवित करना, पिघलाना 96) एक सांस रोग 97) श्रीकृष्ण के निर्दयी मामा 99) अनुमति 100) समशेर, खड्ग 102) स्वीकार करना 104) दस का समूह 105) शपथ 106) सोने या चांदी का गोल लपेटा हुआ तार 107) कठोर, कड़ा 108) हवा का झोंका 109) राजा, सम्राट

Åij ls uhps &- 1) जमीन खोदने का एक औजार 2) यह प्रोग्राम कुछ वर्ष पूर्व डी. डी.–2 पर सुबह प्रसारित होता था 3) खो देना, खोना 4) वर्ष 5) सारे विश्व में प्रसिद्ध हमारी स्वर सम्राज्ञी 6) सुकुमारी 7) नीचे बिखरी हुयी चीजों को चुनना 8) आरंभ 9) पीटना 10) लाल रंग का 11) भीतरी, अंदर का 12) सप्ताह का एक वार 14) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल 16) लोक मत 18) किसी काम को ध्यान लगाकर करने की क्रिया, शादी 21) जलेबी जैसी एक मिठाई 24) घी या तेल में तले हुये व्यंजन 26) घायल 28) जो सतह से नीचे दूर तक चला गया हो, गाढ़ा 31) प्रकाशित, चमकीला 31अ) सीधासादा, मासूम 32) डर से कांपना, आतंकित होना 34) खातमा 35) सोना, सुवर्ण 36) दुष्मनी, शत्रुत्व 38) मनाई 39) जो चिकना न हो, जिसकी सतह रुखी हो 40) कड़वा 42) फुलों की माला 43) उष्ण, तप्त 45) माथा, मस्तक 46) उत्सव, त्योहार, पुण्यकाल 47) उत्सुक 48) क्रोध का शिकार या क्रोध पात्र 50) किसी प्रसिद्ध फकीर का मकबरा 51) लात मारने की क्रिया, झिड़की 52) नामांकित, प्रसिद्ध 53) स्त्रियोंद्वारा बालों में लगाने की फुलों की माला 54) एक फूल 55) अन्तिम, सबसे बढ़ा चढ़ा 56) नाशवान 58) 'लवण' का अशुद्ध उच्चारण 59) नृत्य करना 61) सहायता करनेवाला 62) शृंखला, कड़ी 63) भरत में बहनेवाली एक नदी, एक पूर्व अभिनेत्री 64) ओर 68) संगीत का एक राग 69) सहायता 71) जलन 73) मुलायम रोयें वाला एक महीन कपड़ा 75) व्याकरण मं एक कारक 77) श्रीविष्णु का एक अवतार 78) स्वर्ग लोक का एक देवर्षि 80) पौधा लगाने का मिट्टी का पात्र 82) घृणा 83) धरती की सतह 84) फिरदौसी लिखित एक प्रसिद्ध ग्रंथ 85) बादशाह के लिये एक संबोधन 86) शरारती, दुष्ट 88) संगीत का एक राग 90) विद्यालय, स्कूल 91) संख्या, अंक, गिनती 92) ताकत 93) सामर्थ्य, क्षमता 94) पाचन 95) उष्णता, दाह 98) समान, बराबर 99) 'इन' का एकवचन 100) राजगद्दी, मंच 101) रहने की क्रिया, गंध 103) मादकता (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# भारत में 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक घटिया गुणवत्ता के हैं, एएफआई प्रमाणन प्रक्रिया में शामिल होगा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत में एथलेटिक्स के बुनियादी ढांचे को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने कहा है कि देश में इस्तेमाल हो रहे लगभग 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक मानकों के अनुरूप नहीं हैं।***

सुमरिवाला ने कहा कि यह समस्या केवल सामग्री की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया, मार्किंग और समग्र निर्माण मानकों में भी गंभीर खामियां हैं। उन्होंने बताया कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने इस मुद्दे पर एएफआई को सक्रिय भूमिका निभाने और स्थिति सुधारने के निर्देश दिए हैं। सुमरिवाला ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं किसी ट्रैक का नाम नहीं लूंगा, लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि भारत में 90 प्रतिशत से अधिक ट्रैक सामग्री, निर्माण प्रक्रिया और मार्किंग के लिहाज से मानकों से नीचे हैं। हमने तोक्यो में विश्व एथलेटिक्स के साथ एक बैठक की थी (पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप के दौरान), जहां उन्होंने हमें कुछ आंकड़े दिखाए, जो काफी चौंकाने वाले थे।'



उन्होंने बताया, 'कुछ मामलों में स्थिति बेहद खराब है, जहां असली पॉलीयुरेथेन की जगह पुराने टायरों के रबर का उपयोग किया जा रहा है और ऊपर से केवल रंग चढ़ा दिया जाता है। ऐसे ट्रैक कुछ महीनों में ही खराब हो जाते हैं और उन पर प्रदर्शन करना मुश्किल हो जाता है।' सुमरिवाला ने कहा कि एएफआई ने 14 और 15 अप्रैल को कोहिमा में आयोजित अपनी वार्षिक आम बैठक के दौरान ट्रैक प्रमाणन प्रक्रिया में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि महासंघ अब प्रमाणित और विश्वसनीय विक्रेताओं की सूची तैयार करने पर भी काम करेगा और विदेशी विशेषज्ञों की मदद से अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में पहले से मौजूद विश्व एथलेटिक्स प्रमाणित ट्रैकों पर पुनः प्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी।

इसी बीच, एएफआई ने हाल ही में खिलाड़ियों के प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) समझौतों पर लगाए गए प्रतिबंध को फिलहाल तीन महीने के लिए स्थगित कर दिया है, ताकि इस पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जा सके। सुमरिवाला ने कहा, 'महासंघ का उद्देश्य खिलाड़ियों की सुरक्षा और हितों की रक्षा करना है, क्योंकि कई अनुबंधों में पारदर्शिता और सुरक्षा की कमी देखी गई है।'

# 'मरूंगी नहीं', अपूर्वा मखीजा ने कैंची से काट डाला पंडित का बांधा कलावा, पीछे पड़े ट्रोल- 'कॉन्सर्ट धर्म से बड़ा है?'

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोशल मीडिया पर 'रिबेल किड' के नाम से मशहूर अपूर्वा मखीजा अक्सर किसी न किसी वजह से विवाद में घिर जाती हैं। कुछ महीने पहले अपूर्वा स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर चर्चा में थीं। समय रैना के शो के जिस एपिसोड को लेकर बवाल मचा था,***

उसमें अपूर्वा भी गेस्ट बनकर पहुंची थीं और उन्होंने भी शो के दौरान कुछ ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे लोग भड़क गए थे। अब अपूर्वा एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। उन्होंने हाल ही में अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह हाथों में बंधा कलावा कैंची से काटती नजर आ रही हैं, जिस पर अब यूजरनाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

## अपूर्वा ने कॉन्सर्ट के लिए काटा हाथ पर बंधा कलावा..

अपूर्वा मखीजा ने कुछ दिन पहले ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होने एक वेलनेस प्रोडक्ट को पीसीओडी और पीसीओएस से जोड़ दिया, इस वीडियो को लेकर उनकी खूब आलोचना हुई। अब उन्होंने अपना एक नया गेट रेडी विद मी वीडियो शेयर किया है,



जिसमें वह कैमरे के सामने तैयार हो रही हैं और बताती हैं कि अपने आउटफिट से मैच कराने के लिए उन्हें 18 जोड़ी जूते मंगाए हैं। इसी दौरान वह कैंची से अपने हाथ पर बंधा कलावा भी काट देती हैं।

## उम्मीद है मरूंगी नहीं- अपूर्वा..

उन्होंने बताया कि वह एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए कोचेला जा रही हैं और इसी के लिए तैयार हो रही हैं। इसी बीच वह हाथ पर बंधा लाल कलावा काट देती हैं और कहती हैं- 'पंडित जी ने इसे काटने से मना किया था, लेकिन उनके और कोचेला के बीच कोई नहीं आ सकता।' कलावा काटते हुए अपूर्वा कहती हैं- 'मैंने कलावा काट दिया है और उम्मीद है कि मैं मरूंगी नहीं।' अपूर्वा का ये वीडियो देखने के बाद कई यूजर भड़क गए। कई ने उनके कलावा काटने के तरीके और वजह पर गुस्सा जाहिर किया तो कई ने उनसे पूछ कि क्या उनके लिए कॉन्सर्ट धर्म से बड़ा है?

## अपूर्वा पर भड़के यूजर..

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा - 'कलावा नहीं काटना था अपूर्वा।' एक अन्य ने लिखा- 'जब कलावा को 'नर्वस सिस्टम रिकैलिबरेशन एस्ट्रल रीम प्रोटेक्शन बैंड' कहा जाने लगेगा, तब यही भारतीय इसे किसी संगीत म्यूजिक फेस्टिवल के स्टॉल पर आनंदा नामक एक विदेशी से 50 पाउंड में खरीद रहे होंगे।' एक और ने लिखा-

'धागा काटा, अब वीडियो आयेगा कि मैं कोचेला में हॉस्पिटल कैसे पहुंच गई।' ऐसे ही कमेंट करते हुए लोग अपूर्वा मखीजा को निशाने पर ले रहे हैं और खरी-खोटी सुना रहे हैं।

# पड़ोसी देश का घातक गेंदबाज भारत में लड़ रहा जिंदगी और मौत की जंग, अकमल-अफरीदी ने जल्द ठीक होने की मांगी दुआ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एक समय अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से दुनिया भर के बल्लेबाजों को डराने वाले अफ्गानिस्तान के स्टार पेसर अब जिंदगी की सबसे बड़ी जंग लड़ रहे हैं। अस्पताल से सामने आई तस्वीरों ने फैंस को झकझोर कर रख दिया है और क्रिकेट जगत दुआओं में जुट गया है।***



अफ्गानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। 38 साल के जादरान इस समय भारत में हैं और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत काफी खराब है और वह ढ्रष्ट में भर्ती हैं, जहां डॉक्टर उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके व्हाइट ब्लड सेल्स का स्तर खतरनाक रूप से कम हो गया है, जिससे उनकी हालत और नाजुक बनी हुई है।

## भारत में चल रहा इलाज..

बताया जा रहा है कि जादरान पिछले कई हफ्तों से बीमार थे। शुरुआत में उनकी हालत में सुधार दिखा, लेकिन बाद में उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। फिलहाल भारत में उनका इलाज चल रहा है और अफ्गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनकी मदद के लिए आर्थिक सहयोग भी दे रहा है। इस मुश्किल घड़ी में क्रिकेट जगत उनके साथ खड़ा नजर आ रहा है। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल ने अस्पताल से उनकी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि जादरान उनके भाई जैसे हैं, उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ करता हूं। आमीन।

वहीं, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफ्रीदी ने भी कहा कि उन्होंने जादरान के भाई से बात की और उनकी हालत सुनकर बेहद दुख हुआ। उन्होंने लिखा कि आप मैदान पर हमेशा फाइटर रहे हैं और उन्हें यकीन है कि आप इस लड़ाई को भी जीतेंगे। अफ्गानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान ने भी हर संभव मदद का भरोसा जताया है।

## ऐसा रहा इंटरनेशनल करियर..

जादरान अफगानिस्तान क्रिकेट के उन अहम खिलाड़ियों में रहे हैं, जिन्होंने टीम को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने 2009 में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेब्यू किया था और अपने करियर में करीब 80 इंटरनेशनल मैच खेले। ODI क्रिकेट में उन्होंने 44 मैचों में 44 विकेट लिए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24 रन देकर 4 विकेट रहा। वहीं T20 इंटरनेशनल में 36 मैचों में 27 विकेट उनके नाम हैं। अपने पेस और जुझारू जज्बे के लिए मशहूर जादरान 2015 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत का भी हिस्सा रहे थे, जहां उन्होंने अहम योगदान दिया था।

# हेरा फेरी 3 कब आ रही है? अक्षय कुमार ने फिल्म पर दिया बड़ा अपडेट, फैंस को लगेगा झटका..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अक्षय कुमार अब अपनी हालिया रिलीज हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। 'भूत बंगला' की रिलीज के बाद अब अक्षय कुमार के फैंस बहुचर्चित फिल्म 'हेरा फेरी 3' का इंतजार कर रहे हैं।***

2025 में 'हेरा फेरी 3' का ऐलान किया था, जो 2000 में रिलीज हुई क्लासिक कल्ट कॉमेडी 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग है। हालांकि, जब से फिल्म का ऐलान हुआ है, इसे लेकर बैक टू बैक कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है। पहले परेश रावल ने ऐलान किया कि वह अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और फिर ये फिल्म कानूनी पचड़े में फंस गई। अब अक्षय कुमार ने खुद 'हेरा फेरी 3' पर बड़ा अपडेट दिया है।

## हेरा फेरी 3 पर क्या बोले अक्षय कुमार?

अक्षय कुमार ने शुभांकर मिश्रा से बातचीत में 'हेरा फेरी 3' पर बड़ा अपडेट दिया। इस दौरान सुपरस्टार ने कुछ ऐसा कहा, जो उन दर्शकों को निराश कर सकता है जो हेरा फेरी 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अक्षय ने कहा - 'हेरा फेरी 3 तो फिलहाल अभी नहीं बन रही है।' ये सुनते ही शुभांकर मिश्रा ने अक्षय कुमार से इसकी वजह पूछी तो सुपरस्टार ने कहा- 'मुझे खुद झटका लगा था। कोई बात नहीं, वेलकम बना ली। थोड़ा कुछ मंत्र पढ़ना पड़ेगा कि सब ठीक हो जाए। अगले साल तो ये नहीं होने वाला है।'



## बहुत सारी समस्याएं हैं- अक्षय कुमार..

अक्षय कुमार अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं - 'अभी एक साल तक नहीं, उसके बहुत सारे इश्यू हैं। ऐसा नहीं है कि हम तीनों (परेश रावल, सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार खुद) साथ नहीं हैं। हम सभी 'वेलकम टू द जंगल' में साथ हैं। कुछ-कुछ चीजें होती हैं जो मैं कैमरा पर नहीं बोल सकता। बहुत सारी चीजें, एग्रीमेंट्स हैं, जिससे परियोजना पीछे चली जाती है।'

## कॉन्ट्रोवर्सी में घिरी हेरा फेरी 3..

जिन लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि कल्ट क्लासिक फिल्म 'हेरा फेरी' के मेकर्स ने जनवरी 2025 में इसके तीसरे भाग, 'हेरा फेरी 3' की घोषणा की थी। हालांकि, परेश रावल के फिल्म से बाहर होने के बाद फिल्म विवादों में घिर गई और बाद में साउथ के एक निर्माता और

फिरोज नाडियाडवाला के बीच फिल्म के कॉपीराइट स्वामित्व को लेकर कानूनी विवाद भी हुआ। लेकिन, परेश रावल ने जुलाई 2025 में इस हिट फिल्म में वापसी की पुष्टि की। फिल्म में मूल तिकड़ी अक्षय कुमार, अक्षय, परेश रावल और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी: एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है***

और अब वह 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है। इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे।

जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है।'



हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे। मांडवाल ने कहा, 'वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।'

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा, 'उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा।' अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं।

उन्होंने कहा, 'यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74-75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।'

# मां के निधन के 10 दिन बाद जरीन खान ने शेयर किया इमोशनल नोट, लिखा- 'मेरे दिल में खालीपन आ गया'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***जरीन खान अपनी मां परवीन खान के निधन का शोक मना रही हैं, जिन्होंने 8 अप्रैल, 2026 को दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनके निधन के कुछ दिनों बाद एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी मां को अपना पहला प्यार बताया।***

सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने जो भावुक वीडियो पोस्ट किया है। उसमें जरीन ने अपनी मां के साथ बिताए खूबसूरत पलों की झलक दिखाई है।

## मां को याद कर जरीन खान हुई भावुक..

अपनी मां के साथ बिताए पलों का एक वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए, जरीन ने अपने नोट की शुरुआत अरबी लाइन, 'इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन' से की। उन्होंने लिखा, 'मेरा पहला प्यार, मेरी मां, मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरा बच्चा, मेरी दुनिया, मेरा सब कुछ... तुम्हें गए हुए 10 दिन हो गए हैं। मैं दुनिया के पढ़ने के लिए कोई लंबा कैप्शन नहीं लिखने वाली हूं, क्योंकि तुम अच्छी तरह जानती हो कि तुम्हारे बिना मैं अभी किस दौर से गुजर रही हूं।'



## मां के निधन पर छलका एक्ट्रेस का दर्द..

अपना दुख जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे दिल में हमेशा एक टीस और खालीपन रहता है, जिसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता। तुम्हारी बहुत, बहुत याद आती है... जब तक हम दोबारा न मिलें।'

उनके पोस्ट के तुरंत बाद फैंस ने कमेंट सेक्शन में उनके सुकून के लिए दुआ मांगी। बता दें कि परवीन खान का मुंबई में 65 वर्ष की आयु में लंबे समय से चली आ रही बीमारी से जूझने के बाद इसी साल 8 अप्रैल निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अंधेरी पश्चिम स्थित वर्सोवा मुस्लिम कब्रिस्तान में किया गया।

## जरीन खान का फिल्मी सफर..

जरीन खान ने 2010 में फिल्म 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया और उसके बाद 'हाउसफुल 2', 'हेट स्टोरी 3', 'अक्सर 2' और '1921' जैसी फिल्मों में काम किया। हालांकि, पिछले कुछ सालों से वह बड़े पर्दे से दूर रही हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं, जहां वह अक्सर अपनी जिंदगी की झलकियां शेयर करती रहती हैं।







विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# सरकार ने 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ 'भारत समुद्री बीमा कोष' को मंजूरी दी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।***



यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।

वैष्णव ने कहा, ''भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे।''

यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा। बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी।

बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा।

वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है। इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है।

बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

# वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल के समर्थन में आए उद्योगपति नवीन जिंदल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योगपति नवीन जिंदल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ बॉयलर विस्फोट मामले में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल का समर्थन करते हुए कहा कि मामले की पहले जांच होनी चाहिए और साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।***



वेदांता विद्युत संयंत्र में 14 अप्रैल को हुए विस्फोट में 23 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी में अनिल अग्रवाल का नाम भी शामिल किया गया है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में जिंदल ने घटना में श्रमिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा, ÷छत्तीसगढ़ की यह त्रासदी बेहद पीड़ादायक है। 20 परिवारों ने सब कुछ खो दिया है। उचित मुआवजा, परिवारों को आजीविका सहायता और निष्पक्ष जांच अनिवार्य है।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷लेकिन बिना जांच के अनिल अग्रवाल का नाम प्राथमिकी में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। पहले जांच होनी चाहिए, फिर सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और उसके बाद कार्रवाई की जानी चाहिए।÷

जिंदल ने कहा कि अग्रवाल एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपने दम पर आगे बढ़े, वह साधारण और पिछड़े समुदाय से आते हैं और उन्होंने शून्य से शुरुआत कर एक वैश्विक उद्यम खड़ा किया है और उस संयंत्र के संचालन में उनकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है।

वेदांता विद्युत संयंत्र में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 23 हो गई, क्योंकि दो और श्रमिकों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि 12 अन्य का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह विस्फोट 14 अप्रैल को सिंघीतराई गांव में स्थित संयंत्र में हुआ था।

जिंदल ने यह भी सवाल उठाया कि जब सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं, तो क्या वहां चेयरमैन को जिम्मेदार ठहराया जाता है। उन्होंने कहा, ÷जब पीएसयू या रेलवे में दुर्घटनाएं होती हैं तो क्या हम चेयरमैन को नामजद करते हैं? नहीं करते। यही मानक निजी क्षेत्र पर भी लागू होना चाहिए।÷

उन्होंने कहा कि भारत के 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए अनिल अग्रवाल जैसे लोगों की जरूरत है, जो निवेश और निर्माण जारी रखें, और यह तभी संभव है जब निवेशकों का प्रणाली पर भरोसा बना रहे।

इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर सवाल उठाते हुए निवेशक विजय केडिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि फैक्टरी दुर्घटना में प्रवर्तक पर प्राथमिकी होती है, तो क्या ट्रेन हादसे में रेलवे मंत्री पर और विमान दुर्घटना में विमानन प्राधिकरणों पर एफआईआर होनी चाहिए? केडिया ने कहा कि जवाबदेही समान और निष्पक्ष होनी चाहिए।

# अक्षय तृतीया पर भौतिक सोने के साथ डिजिटल सोने की बढ़ेगी मांग: विश्लेषक

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।***



अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा, ÷हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।÷ ब्रोकरेज की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में सर्राफा बाजार भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक मंदी और मौद्रिक नीति अपेक्षाओं में बदलाव के कारण उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

इसके बावजूद सोने और चांदी में सालाना आधार पर क्रमशः लगभग 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है, जो सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाती है।

घरेलू बाजार में ऊंची कीमतों के कारण आभूषणों की मांग सीमित और मूल्य-संवेदनशील बनी हुई है, जिससे घरेलू कीमतों पर छूट का दबाव देखा जा रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की कमोडिटी रिसर्च प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, ÷सोना वर्तमान में एक जटिल वैश्विक माहौल से गुजर रहा है।÷

उन्होंने कहा कि ब्याज दरों की अपेक्षाओं और डॉलर की मजबूती के कारण कभी-कभी दबाव देखने को मिलता है, लेकिन अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की चिंता और दीर्घकालिक निवेश मांग इसके व्यापक दृष्टिकोण को समर्थन दे रही है।

# घबराहट पूर्ण बिकवाली से अधिकांश तेल-तिलहन में गिरावट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में युद्धविराम समाप्ति की समयसीमा नजदीक आने के बीच सटोरियों द्वारा घबराहटपूर्ण बिकवाली का माहौल बनाये जाने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल,***



कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। महाराष्ट्र में सरकार की ओर से 5,328 रुपये क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक दाम पर सोयाबीन तिलहन की बिकवाली करने के कारण सोयाबीन तिलहन में मजबूती का रुख दिखा।

बाजार सूत्रों ने बताया कि सुबह के कारोबार में सटोरिये बाजार में सक्रिय नजर आये और उनके प्रयासों के कारण बाजार में घबराहटपूर्ण बिकवाली को हवा मिली। इस घबराहटपूर्ण बिकवाली के कारण सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन और बिनौला तेल के दाम में गिरावट आई। वहीं महाराष्ट्र में सरकार ने 5,328 रुपये क्विंटल के एमएसपी वाले सोयाबीन की बिक्री 5,850 रुपये क्विंटल के भाव पर किया जिससे सोयाबीन तिलहन में सुधार देखा गया।

उन्होंने बताया कि सुबह के कारोबार में सटोरियों ने सरसों के दाम करीब 150 रुपये घटा दिये लेकिन जब किसानों की ओर से नीचे दाम पर बिकवाली नहीं की गई तो शाम तक उन्होंने सरसों के दाम 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा दिये। इस घट-बढ़ के बीच सरसों तेल-तिलहन में भी गिरावट दिखी।

सूत्रों ने कहा कि आम तौर पर शनिवार को कामकाज सुस्त रहता है क्योंकि अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियां बंद रहती हैं। कारोबार के असल रुख का पता सोमवार को मिलेगा।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 6,825-6,850 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,900-7,375 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,610-2,910 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,150 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,370-2,470 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,370-2,515 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,725 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,425 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 12,950 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,900 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,100 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 13,850 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 5,825-5,875 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,475-5,550 रुपये प्रति क्विंटल।

# महुआ, फेनी ने भारतीय विरासत पेयों के रूप में ब्रिटेन में दी दस्तक

लंदन, (भाषा)।

***पारंपरिक जनजातीय पेय महुआ और गोवा की फेनी इस सप्ताह से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय विरासत पेयों की नई श्रृंखला के तहत पहली बार पेश किए जा रहे हैं। भारतीय पेयों को ब्रिटेन में पेश करने पर केंद्रित खुदरा कंपनी महाराजा ड्रिंक्स ने फेनी के तीन प्रकार***




और एक महुआ पेय बाजार में उतारा है। यह विशेष खुदरा कंपनी जैविक प्रमाणन, टिकाऊ उत्पादन पद्धतियों तथा पर्यावरण के अनुकूल निर्माण, पैकेजिंग और परिवहन पर ध्यान देती है। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनेबल जैमिसन ने कहा, ÷भारत में विरासत पेयों की असाधारण विविधता है, जिनकी जड़ें सदियों पुरानी कारीगरी और परंपराओं में हैं। आज उपभोक्ताओं और पेय परोसने वाले विशेषज्ञों में इन असली स्थानीय स्वादों को जानने की रुचि बढ़ रही है। इसलिए इन्हें पहली बार ब्रिटेन में पेश करने का यह सही समय है।÷

कंपनी की नई श्रृंखला में गोएंची फेनी की काजू फेनी और नारियल फेनी, गोवा हेरिटेज आसवनशाला की मसालेदार फेनी ओरो डे गोवा, और आंध्र प्रदेश के डेसमंडजी की महुआ पेय शामिल हैं। जैमिसन ने कहा कि फेनी अभी भी यहां दुर्लभ और विशिष्ट पेय है, जबकि महुआ एक नया और रोचक पेय है, जो अब अपनी पहचान बनाना शुरू कर रहा है।








जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## नवीन पेट्रोल पंप पर दो कारों की भिड़ंत, तीन घायल..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी दुलापुर मार्ग पर नवीन पेट्रोल पंप के सामने 17 अप्रैल की मध्य रात्रि में एक भीषण सडक हादसा घटित हुआ जिसमें दो कारें आमने सामने टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कारों में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल होना बताया गया है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 एवं 18 अप्रैल की दरम्यानि रात्रि करीब 12:30 बजे अर्टिंगा वाहन एमपी 50 जेड सी 3931 जो कि साडरा से घोटी घुसमारा जा रहे थे***

वहीं दुसरी ओर ग्राम गुलवा भानेगांव से डस्टन एम एच 14 एफजी 9779 ग्राम कटंगी जा रहे थे जैसे ही दोनो वाहन लांजी दुलापुर नवीन पेट्रोल पंप के सामने पंहुचे तो दोनो कारो में आमने सामने जबरदस्त भीडंत हो गई। अर्टिंगा कार टक्कर मारते ही बीच रोड़ पलट गई चारो चक्के उपर हो गये जिसमें करीब 5 लोग सवार थे। वहीं डस्टन कार में भी 4 से 5 लोग सवार थे। हादसे मे डस्टन कार मे सवार शैलेष पिता दीपक शिंदेकर उम्र 31 वर्ष निवासी पारसिवनी जिला नागपुर महाराष्ट्र, तथा रजनी पति बेनीशंकर उमरे निवासी कटंगी सहित एक और को अधिक चोटे आई है। घटना की जानकारी लगते ही लांजी पुलिस मौके पर पंहुचकर डायल 112 से घायलों को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया। वहीं घटना कारित करने वाले वाहन अर्टिंगा में सवार लोग को भी मामूली चोटे आना बताया गया है जो कि अन्य वाहनो से अपने गंतव्यो पर जाना बताया गया। लांजी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच प्रारंभ कर दी गई है।





## हिर्री मे हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिर्री मे संविधान शिल्पकार, विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह बुद्ध विहार मे पंचशील ध्वजारोहण कर सामूहिक***

रूप से त्रिशरण पंचशील का पाठ कर पूजा वंदना कर प्रसादी का वितरण किया गया। तत्पश्चात् ग्राम भ्रमण हेतु विशाल पैदल रैली निकाली गई। जो डीजे के धुनों पर नाचते हुए युवाओं सहित समस्त ग्रामीणों द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर, माता रमाई, महात्मा ज्योतिबा राव फूले राष्ट्रमाता सावित्री बाई फूले के जयघोष लगाते हुए विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर पुनः बुद्ध विहार मे एकत्रित हुई जहां संध्या समय में ग्रामीणों ने सहभोज कार्यक्रम मे शामिल होकर सामाजिक

एकजुटता दिखाते हुए बाबा साहब के आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न समाज वर्ग के लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।





### हीरापुर मे फूले अम्बेडकर जयंती पर स्वल्पाहार एवं शरबत वितरण कर कोमी एकता की मिसाल पेश की..

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हिर्री के पोषित ग्राम हीरापुर मे संयुक्त रूप से फूले अम्बेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कर्मण्य किराना दुकान द्वारा ग्रामीण नागरिकों को स्वल्पाहार करवाकर शरबत वितरण कर कोमी एकता की मिसाल पेश की गई। इस कार्यक्रम मे दीपक हुमनेकर, मुकेश टिकेश्वर, अंकेश कावरे, अखिलेश टिकेश्वर, गोपी मानेश्वर, मीत मर्सकोले, राजेन्द्र बाहें उपसरपंच ग्राम पंचायत हिर्री , अंकित हुमनेकर, अर्पित हुमनेकर, प्रदीप कोकडे, गट्टू माने, दादू दमाहे, अमित बिरनवार, शैलेष, सोनी इरफान अली, रेवेन्द्र ऊईके, अरविन्द ऊईके, अनिल कावरेसहित समस्त ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

### जराही मे अम्बेडकर जयंती पर 26 को होगा कव्वाली का आयोजन..

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जराही मे विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन आगामी 26 अप्रैल, रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण एवं माल्यार्पण, दोपहर 12 बजे पूजा वंदना कर ग्राम भ्रमण में पैदल रैली निकाली जाएगी। एवं शाम 5 बजे से भोजनदान कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा। तथा शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रमो में वक्ताओं का उद्बोधन तत्पश्चात् रात्रि 9 बजे से कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमे नागपुर के कव्वाल विकास राजा भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति के माध्यम से प्रबोधन दिए जाएंगे। इस अवसर आयोजक समिति के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल होकर आनन्द लेने की अपील की गई है।

## हरियाणा के नूंह में मिलावटी मिठाई खाने के बाद सात बच्चे बीमार, एक की हालत गंभीर..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा के नूंह जिले के नगीना इलाके में शनिवार को एक ही परिवार के सात बच्चे कथित तौर पर मिलावटी मिठाई खाने से बीमार पड़ गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार, तबीयत बिगड़ने के बाद बच्चों को तुरंत जिला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद, पांच बच्चों को नल्हार के मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गंडूरी गांव के निवासी असलम ने शुक्रवार रात एक दुकान से 'चमचम' मिठाई खरीदी थी, शनिवार सुबह जब बच्चों ने यह मिठाई खाई तो उन्हें उल्टी, मुंह से झाग आने जैसी समस्याएं होने लगीं। उसने बताया कि बीमार बच्चों में सोफैद (16), अजूबा (15), सोफिया (10), सनोफिया (आठ), समर (चार), समरीन (दो) और पांच वर्षीय रूहान शामिल है। पुलिस ने बताया कि समर की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

अस्पताल ने बताया कि सभी बीमार बच्चों की 'मेडिकल लीगल रिपोर्ट' तैयार कर ली है और उनका इलाज जारी है तथा इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

## विज ने भारतीय वायु सेना अधिकारी के बेटे की मौत के मामले में हत्या की धारा जोड़ने का आदेश दिया...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अंबाला छावनी के महेश नगर क्षेत्र स्थित लेखी कॉम्प्लेक्स में दो महीने पहले 25 वर्षीय युवक की मौत के मामले में अब हत्या की धारा जोड़ते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई।***



पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अंबाला छावनी निवासी राहुल मिश्रा एक निजी कंपनी में डिप्टी इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। भारतीय वायु सेना में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत राहुल के पिता विनोद कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मुलाकात की, जिसके बाद यह मामला दर्ज किया गया।

लखनऊ निवासी विनोद ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी, लेकिन पुलिस ने पहले इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने राहुल के मकान मालिक और उसके बेटे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंत्री अनिल विज ने महेश नगर थाना प्रभारी को मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

इससे पहले पुलिस राहुल मिश्रा की मौत को दुर्घटना मानकर जांच कर रही थी। विनोद ने अपनी ताजा शिकायत में कहा कि उनका बेटा किराए के मकान में रहता था। छह फरवरी को उसका शव लेखी कॉम्प्लेक्स के पार्किंग क्षेत्र से बरामद हुआ था। मकान मालिक का दावा है कि राहुल की मौत छत से गिरने के कारण हुई थी।

## आज अक्षय तृतीया, पितृ तर्पण के लिए भरे जाएंगे जल कलश

## मांगलिक कार्यक्रमों के साथ होंगे शुभ कर्म..

जगप्रेरणा लांजी।

***वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया आखातीज भी कहते है। अक्षय का अर्थ होता है 'जो कभी खत्म ना हो और इसलिए ऐसा कहा जाता है कि अक्षय तृतीया वह तिथि है***



जिसमें सौभाग्य व शुभफल का कभी क्षय नही होता। इस दिन होने वाले कार्य मनुष्य के जीवन को कभी न खत्म होने वाले शुभ फल प्रदान करते है। नगर व क्षेत्र में परंपरा अनुसार इस दिन अपने पितरों की याद में कलशा भरा जाता है एवं तरह-तरह के व्यंजन बनाकर उन्हें भोग लगाया जाता है। पौराणिक दृष्टि से मान्यता है कि इसी दिन से त्रेता युग का आरंभ और भगवान परशुराम का अवतार हुआ था। इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है और भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है।

अक्षय तृतीया को स्वयं सिद्ध मुहुर्त माना गया है। किसी भी कार्य को करने के लिए पंचांग देखने या मुहुर्त निकलवाने की आवश्यकता नहीं होती। इस बार अक्षय तृतीया पर की गई खरीदारी भी विशेष रूप से समृद्धि देने वाली होगी। अपने नाम के अनुरूप इस दिन किए गए कार्य का कभी क्षय नहीं होता। इसीलिए शुभ और मंगल कार्यों के लिए अक्षय तृतीया का दिन बहुत शुभ है।

इस दिन रिश्ता रोकना, वाग्दान संस्कार, विवाह संस्कार आदि कार्य होते हैं। व्यापार आरम्भ, नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदना, कोई नई वस्तु खरीदना आदि कार्य किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया के दिन स्वर्ण खरीदना शुभ माना गया है। अगर सोना नहीं खरीद रहे हैं तो इस दिन किसी भी नई वस्तु की खरीदारी कर सकते हैं। इस दिन किया गया दान अक्षय रहता है, इसीलिए अक्षय तृतीया के दिन अपनी सामर्थ्य के अनुरूप निर्धनों, ब्राह्मणों और धार्मिक स्थलों में दान अवश्य करना चाहिए।

## अहमदाबाद में मोटरसाइकिल हादसे को लेकर हत्या के बाद आगजनी हुई, दो गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गुजरात के अहमदाबाद जिले के धांधुका में शनिवार को एक मोटरसाइकिल दुर्घटना के बाद हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद कई दुकानों में आग लगा दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज दोपहर दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हो गई। अधिकारी के अनुसार, दोनों मोटरसाइकिल सवार अलग-अलग समुदाय से संबद्ध हैं।***

उन्होंने बताया कि घटना के बाद दोनों के बीच झड़प हो गई, लेकिन यह मामला तब और बढ़ गया जब एक समूह के सदस्य दुर्घटना में शामिल दूसरे व्यक्ति के घर पहुंच गए। अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया, 'झड़प के दौरान धर्मेश गमारा (30) के पैर में चाकू से वार किया गय, जिसके बाद अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मृत्यु हो गई।' उन्होंने बताया, 'गमारा की मृत्यु के बाद तनाव बढ़ गया

और लोगों के एक समूह ने सड़क किनारे लगी सात-आठ दुकानों में आग लगा दी। कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया।' इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें छोटी दुकानें आग की लपटों में घिरी हुई दिखाई दे रही हैं।

जाट ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। उन्होंने कहा, 'आग बुझा दी गई है।' अधिकारी ने बताया कि आगजनी में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए इलाके में गश्त और घर-घर तलाशी ली जा रही है। पुलिस ने बताया कि गमारा की हत्या में कथित संलिप्तता के आरोप में समीर और रिजवान नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि आगजनी के संबंध में 15-20 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने बस पर किया हमला, परीक्षा देने जा रहे छात्रों को किया अगवा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***नाइजीरिया में बंदूकधारियों का आतंक देखने को मिला है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी-मध्य नाइजीरिया के बेन्यू राज्य में बंदूकधारियों ने एक यात्री बस पर हमला किया और यूनिवर्सिटी की परीक्षा देने जा रहे कुछ छात्रों को अगवा कर लिया।***

बेन्यू के गवर्नर हायसिंथ आलिया ने एक बयान में कहा कि छात्रों और अन्य यात्रियों को ओटुकपो-माकुरडी हाईवे पर अगवा किया गया है। गवर्नर ने यह नहीं बताया कि कितने लोगों को अगवा किया गया, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार बस में कुल 14 यात्री सवार थे।

### जारी है तलाशी और बचाव अभियान..

आलिया ने कहा, 'निर्दोष नागरिकों, खासकर परीक्षा देने जा रहे छात्रों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और यह मानवता तथा नागरिक व्यवस्था के हर नियम के खिलाफ है।'

गवर्नर ने कहा कि अगवा किए गए सभी लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तलाशी और बचाव अभियान जारी हैं। इस अपहरण की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है।

### छात्रों को क्यों बनाया जाता है निशाना?

बेन्यू नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में सशस्त्र हिंसा का एक प्रमुख केंद्र रहा है। यहां सशस्त्र गिरोह अक्सर दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों का फिरौती के लिए अपहरण कर लेते हैं। छात्रों का अपहरण अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश में व्याप्त असुरक्षा की पहचान बन गया है।

विश्लेषकों का कहना है कि ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सशस्त्र गिरोह स्कूलों और छात्रों को अधिक ध्यान आकर्षित करने के लिए रणनीतिक लक्ष्य के रूप में देखते हैं।

### लोगों से की गई शांत रहने की अपील..

बस पर हमला और छात्रों के अपहरण की घटना के बाद बेन्यू के गवर्नर ने निवासियों से शांत रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि

बचाव प्रयासों समेत अन्य अभियानों में सुरक्षा एजेंसियों के साथ लोगों को सहयोग जारी रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम जानमाल की सुरक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे।

## दुर्घटना में फैक्टरी कर्मचारी की मौत, मजदूरों ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शनिवार को एक फैक्टरी में हुई दुर्घटना में 29 वर्षीय एक मजदूर की मौत से आक्रोश फैल गया। मजदूर सड़कों पर उतर आए और फैक्टरी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***



नाहन से लगभग 15 किलोमीटर दूर नाहन-पांवटा मार्ग पर स्थित शंभूवाला गांव में 'सनवेट हेल्थ केयर कंपनी' में लिफ्ट के तार कथित तौर पर टूट जाने से टीका राम की मौत हो गई। आक्रोशित मजदूर नाहन-पांवटा मुख्य सड़क पर जमा हो गए और आरोप लगाया कि फैक्टरी प्रबंधन ने कई दिनों से कई शिकायतें मिलने के बावजूद खराब लिफ्ट की मरम्मत नहीं की और इसी लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई।

फैक्टरी प्रबंधन के आश्वासन और समझाने-बुझाने के बाद, मजदूर अंततः फैक्टरी परिसर में लौट आए। शिकायतकर्ता हरीश ने दावा किया कि लिफ्ट काफी समय से 'टिक-टिक' की आवाज कर रही थी, जिससे संकेत मिल रहा था कि वह ठीक से काम नहीं कर रही।

उन्होंने बताया कि फैक्टरी प्रबंधन को लिफ्ट में समस्या की जानकारी दी गई थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि उसमें करीब 150 भारी पीवीसी के बंडल लादे गए। हरीश ने बताया कि अत्यधिक भार के कारण, लिफ्ट का स्टील का तार कथित तौर पर टूट गया। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त टीका राम लिफ्ट के ठीक बाहर पीवीसी के बंडल लेने का काम कर रहा था। हरीश ने बताया कि तार टूटने पर लिफ्ट के अंदर का सारा भार उन पर गिर गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और अंततः उसकी मौत हो गई।

सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) योगेश रोल्टा ने मीडिया को बताया कि फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही और जानबूझकर मानव जीवन को खतरे में डालने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) और 125 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और पूरे फैक्टरी परिसर का गहन निरीक्षण किया।









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव ) का शानदार प्रदर्शन -100 प्रति. परिणाम के साथ रचा नया कीर्तिमान..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड **(CBSE)** द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा सत्र 2025-26 के परिणाम कल 15 अप्रैल 2026 को हुए जिसमे श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव) ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए लगातार 5 वे साल 100त्न परिणाम हासिल कर क्षेत्र में गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, बल्कि आमगांव तालुका में शीर्ष तिन स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की। प्रथम स्थान - दर्शन दाहिलकर - 97.2प्रति.। द्वितीय स्थान -भावेश बावने - 96.2प्रति.।तृतीय स्थान - त्रिदास कटरे - 95.6प्रति.।

इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम दर्ज किए। विद्यालय के परिणाम का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः 90 प्रति. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी - 15, 80 प्रति.से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी - 32, 70 प्रति. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी - 19, 60 प्रति. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी - 15, 50 प्रति. से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी - 9। इस उत्कृष्ट परिणाम के चलते विद्यालय को 'आमगांव तालुका टॉपर्स' का गौरव प्राप्त हुआ है। विद्यालय परिसर में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह और हर्ष का वातावरण देखा गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मृति छपरिया एवं प्रबंधन समिति से डॉ.विकास जैन, डॉ. लता जैन, डॉ. जीतेन्द्र वालके, डॉ.ललित कलंत्री, डॉ. भाग्यश्री वालके, श्री. लीलाधर कलंत्री, श्री राजेश गोयल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकगण को इस सफ्लता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।

शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धति, नियमित अभ्यास, टेस्ट सीरीज और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है।

अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल न केवल पढ़ाई पर ध्यान देता है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर प्रयास करता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। 'श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए'।

# देवरी: मित्र मंडल द्वारा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर को अभिवादन

## केक काटकर और फल वितरण कर मनाई गई जयंती



**जगप्रेरणा देवरी।**

***भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर सिविल लाइन,***

देवरी में मित्र मंडल की ओर से विभिन्न सामाजिक उपक्रम चलाकर बाबासाहेब को अभिवादन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता हमीदभाई मेमन के नेतृत्व में यह समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

### भव्य प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र..

जयंती के उपलक्ष्य में 13 और 14 अप्रैल को सिविल लाइन क्षेत्र में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की एक भव्य और सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई थी। यह प्रतिमा पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रही और पिछले दो दिनों से नागरिक यहाँ दर्शन के लिए भारी संख्या में पहुँच रहे थे।

### अल्पाहार और तरबूज का वितरण..

आज 14 अप्रैल की सुबह हमीदभाई मेमन और उनके सहयोगियों के साथ मुख्य रूप से विधायक संजय पुराम, नगर अध्यक्ष संजू उईके, सभापति अनिल बिसेन, निर्माण सभापति रितेश अग्रवाल, पार्षद आफ्ताब शेख, संजू दरवडे, शैंकी भाटिया, पंकज शहारे, परियोजना अधिकारी उमेश काशीद, थानेदार प्रवीण डांगे, यादव पंचमवार, ग्रेटी भाटिया, चेतन उईके, पारस कटकवार, कुलदीप लांजेवार, अरविंद शेंडे, गोपाल तिवारी, विलास शिंदे, अमित तरजुले, किशोर येणप्रेडीवार, मनोज साखरे, वाजिद मेमन, जय साखरे, आकाश भेंडारकर, मुजीब मेमन, शुभम वाडीभस्मे, सिद्धांत शाहू, और रोहित शहारे, निलेश राऊत ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन किया। इसके पश्चात आ. संजय पुराम और पार्षद संजू दरवडे इन्के हाथो केक काटकर जयंती का आनंद मनाया गया। इस दौरान 'एकच साहेब बाबासाहेब' और बाबासाहेब का विजय हो' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। तपती धूप को देखते हुए इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों और राहगीरों को अल्पाहार तथा ठंडक देने के लिए तरबूज का वितरण किया गया।

### सामाजिक सौहार्द का दर्शन..

हमीदभाई मेमन की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी धर्मो के मित्र और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए हमीदभाई मेमन ने कहाः

'बाबासाहेब किसी एक विशिष्ट समाज के नही, बल्की सभी समाज के हर एक व्यक्ती का उन्होंने उद्धार किया है , बाबासाहेब के विचार समाज को दिशा देने वाले हैं। उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हम सब एक साथ आए हैं।' इस कार्यक्रम में देवरी शहर के प्रतिष्ठित नागरिक और मित्र मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट परिणाम से स्कूल का गौरवपूर्ण प्रदर्शन, विद्यार्थियों ने छुई सफलता की नई ऊँचाई..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

हाल ही में घोषित हुए कक्षा दसवीं के सीबीएसई परिणाम में के.के. इंग्लिश प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अत्यंत उल्लेखनीय व उज्ज्वल सफ्लता प्राप्त करते हुए डॉक्टर डी.के. संघी सर के मार्गदर्शन में स्कूल का नाम व प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ाई है। कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपना, बल्कि स्कूल और अभिभावकों का भी मान बढ़ाया है।

जैसे प्रथम स्थान पर मोक्ष सोनवाने 95.2 प्रति., सुहानी सहारे 91.4 प्रति., साक्षी बावनथड़े 90.6प्रति. तथा कनक सावसाकड़े 90.2प्रति. अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। साथ ही कुल 39 विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें 4 विद्यार्थी 90 से 96 प्रतिशत अंक लेकर, 20 विद्यार्थी 80 से 90प्रति. अंक लेकर उत्तीर्ण हुए और अन्य भी बहुत अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं। उसमें पूर्ण में से पूर्ण अंक लेने वाले विद्यार्थी भी हैं – रेहान भारवानी अंग्रेज़ी विषय में 100 अंक तथा कनक सावसाकड़े मराठी विषय में 100 अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, जिद और लगन तो है ही, साथ ही शिक्षकों का सही मार्गदर्शन, योजनाबद्ध अध्यापन और अभिभावकों का बहुमूल्य सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा है। स्कूल के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण और नियमित अभ्यास के कारण विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाए।

इस गौरवपूर्ण परिणाम के लिए संस्था के संचालक श्री केशवराव जी मानकर, अध्यक्ष श्री सुरेश बाबूजी असाटी, उपाध्यक्ष प्रमोद जी कटकवार, सदस्य स्नेहा ताई मानकर, ललित जी मानकर, हरिहर जी मानकर, उर्मिला ताई कावळे, डॉक्टर डी.के. संघी तथा स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रीना भुते एवं पूरे स्कूल परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी जा रही है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मन से शुभकामनाएँ दी जा रही हैं। भविष्य में भी इसी तरह सफ्लता प्राप्त कर स्कूल का नाम और अधिक रोशन करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

# कांग्रेस ने महिला विधेयक को विफल किया, कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब..

### भाजपा नेता सविता पुराम का तीखा हमला..

**जगप्रेरणा देवरी।**

'देश की महिलाओं को राजनीति में उनका हक दिलाने के लिए लाए गए महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस ने बार-बार बाधित किया है। कांग्रेस की इसी अड़ंगा डालने वाली नीति के कारण महिलाओं को न्याय पाने के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ा।

कांग्रेस पार्टी मूल रूप से महिला विरोधी मानसिकता वाली है और उनका यह ढोंग अब पूरे देश ने अपनी आँखों से देख लिया है,' यह सनसनीखेज आरोप भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व महिला एवं बाल कल्याण सभापति सविता पुराम ने लगाया है। जगप्रेरणा से बात करते हुए सविता पुराम ने कांग्रेस की अब तक की भूमिका पर कड़ी आलोचना की।

### सत्ता में रहते हुए सिर्फ समय बर्बाद किया..

सविता पुराम ने कहा कि केंद्र में कई वर्षों तक सत्ता का आनंद लेने वाली कांग्रेस ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केवल राजनीति की। जब भी यह विधेयक संसद में आया, कांग्रेस ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया या सहयोगियों का नाम आगे कर पीछे हटने का रास्ता खोजा। महिलाओं का सशक्तिकरण हो, ऐसी कांग्रेस की कभी ईमानदारी से इच्छा ही नहीं थी, यह अब स्पष्ट हो चुका है।

### कांग्रेस की यह दूसरी बड़ी ऐतिहासिक भूल..

1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटना कांग्रेस की पहली बड़ी गलती थी। उस घटना के बाद कांग्रेस का पतन शुरू हुआ, जो इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आई सहानुभूति की लहर को छोड़कर, कांग्रेस को कभी अपने दम पर सत्ता में वापस नहीं ला सका। और अब महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध कर कांग्रेस ने दूसरी बड़ी गलती की है। देश की 50त्न महिलाओं के प्रतिनिधित्व का सवाल सिर्फ राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि यह न्याय, समानता और सशक्तिकरण का प्रश्न है। महिलाओं ने कांग्रेस के इस दिखावटी रवैये को नोट किया है और समय आने पर इसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया निश्चित रूप से देखने को मिलेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया..

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पुराम ने आगे कहा, 'जो काम कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर पाई, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर भाजपा ने महिलाओं का सम्मान किया है। एक ओर मोदी जी महिलाओं को नेतृत्व देने का काम कर रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस ने इस प्रक्रिया में हमेशा रोड़े अटकाने का काम किया है।'

### जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी..

'कांग्रेस ने महिलाओं की प्रगति का रास्ता रोकने का पाप किया है। यह बात अब देश और राज्य की माता-बहनों की समझ में आ गई है। खुद को महिलाओं का हितैषी बताने वाले कांग्रेस नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है और आने वाले समय में महिला शक्ति कांग्रेस को उसकी जगह दिखाए बिना नहीं रहेगी,' ऐसा इशारा भी सविता पुराम ने इस अवसर पर दिया।

# लक्ष्य से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433




**जगप्रेरणा तिरोडा।**

तिरोडा स्थित मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अप्रैल 2026 के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को विद्यार्थियों ने अपने संभावित अंकों का लक्ष्य निर्धारित किया था। वहीं, 26 अप्रैल को घोषित परीक्षा परिणामों में उन्होंने अपने तय लक्ष्य से भी अधिक अंक हासिल कर अपने संकल्प को साकार किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में विद्यार्थियों ने विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल को बेहतर परिणाम देने का वचन दिया था। विद्यार्थियों ने इस वचन को निभाते हुए कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर इस वर्ष शानदार सफलता अर्जित की।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों में खुशी की लहर देखने को मिली। शिक्षकों ने भी छात्रों की लगन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थियों की यह सफलता आने वाले वर्षों में उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

# एस.डी.बी. विद्यालय के छात्रों की सफलता..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

कक्षा 10वीं के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड **(CBSE)** के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें एस.डी.बी. विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष रुचिका विजयकुमार अंबूले ने 96.8प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर स्नेहा मुखोपाध्याय रहीं, जिन्होंने 95.6त्न अंक प्राप्त किए। वहीं शीतांशु मिश्रा ने 94.4त्न अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चतुर्थ स्थान पर उज्वल पारधी (93 प्रति.) तथा पंचम स्थान पर यशस्वी बारापात्रे (92.6 प्रति.) रहे। इसके अलावा नेहा राणे (92.4 प्रति.), भाविक पटले (92 प्रति.) और जीत भगत (90.4 प्रति.) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जयश्री टेंभरे, अध्यक्ष देवलन आई बोपचे, सचिव अनुप बोपचे, कोषाध्यक्ष डॉ. संगीता बोपचे, व्यवस्थापक अनिता बघेले एवं अनघा पांडे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के सचिव अनुप जी बोपचे ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी अभिनंदन किया।

# माजी विद्यार्थी कॉलेज के सच्चे पिलर हैं - डॉ. मूर्ति..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***यहां के लोकल शंकरलाल अग्रवाल साइंस कॉलेज में 17 अप्रैल, 2026 को माजी विद्यार्थी (एल्युमनाई मीट) कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

प्रोग्राम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने की, जबकि चीफ गेस्ट बॉटनी डिपार्टमेंट की हेड डॉ. अपर्णा खुरसेल, डॉ. भूपेश मेंढे और आई.क्यू. ए. सी. हेड डॉ. पूनम ठाकुर थीं। प्रोग्राम का इंट्रोडक्शन डॉ. ठाकुर ने दिया। इस प्रोग्राम के मौके पर यूनिवर्सिटी लेवल पर कॉलेज की कार्फबॉल टीम की दूसरे नंबर की टीम के सभी प्लेयर्स और उनके कोच डॉ. संजय बिरनवार को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद इस प्रोग्राम में आए एल्युमनाई आशीष गायधने, कु. ज्ञानेश्वरी मालेवार और सोनाली दहेकर को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज के बेस्ट स्टूडेंट, प्रोफेसर और नॉन-टीचिंग स्टाफ को चुना गया। इसमें कु. किरण मासे बेस्ट स्टूडेंट रहीं, डॉ. गिरीश देशमुख और श्री दीपक नागवंशी को नॉन-टीचिंग स्टाफ के तौर पर बुके, प्लाक और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

अपनी बातों में डॉ. खुरसेल और डॉ. मेंढे ने एलुमनाई कमेटी के बारे में सारी जानकारी दी। अपने प्रेसिडेंशियल स्पीच में कॉलेज प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स को इस प्रोग्राम की इंपॉर्टेंस और स्कोप के बारे में समझाया। डॉ. गौरी आड़े ने इन सभी प्रोग्राम को कोऑर्डिनेट किया और प्रो. भूपेंद्र पारधी ने धन्यवाद दिया। इन सभी प्रोग्राम में कॉलेज के स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेंबर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# पूर्ति पब्लिक स्कूल, सालेकसा ने 100 प्रति. रिजल्ट की अपनी परंपरा जारी रखी..




**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सेंट्रल बोर्ड ऑफ़सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन, दिल्ली ने हाल ही में फरवरी 2026 में हुई क्लास 10th के रिजल्ट घोषित किए। इस परीक्षा में पूर्ति पब्लिक स्कूल, सलेक्शा के स्टूडेंट्स ने शानदार रिजल्ट की अपनी परंपरा बनाए रखी है और स्कूल ने 100 परसेंट रिजल्ट हासिल किया है।***

इसमें **10th** क्लास की स्टूडेंट चैताली विश्वनाथ मोटघरे ने 90.00 परसेंट मार्क्स लाकर तालुका में पहली जगह हासिल की, जबकि वीना हरिनखेड़े ने 88.40 परसेंट मार्क्स लाकर तालुका में दूसरी जगह हासिल की, जबकि प्रियानी गुप्ता ने 87.20 परसेंट मार्क्स लाकर तीसरी जगह हासिल की, जीतिका कापसे ने 86 परसेंट मार्क्स लाकर चौथा स्थान हासिल की, और अचल दिलेश पारधी ने 85.80 परसेंट मार्क्स लाकर पांचवीं जगह हासिल की।

स्कूल का रिज़ल्ट कुल पास हुए स्टूडेंट्स के हिसाब से 100 परसेंट रहा और स्कूल ने अपने शानदार रिज़ल्ट की परंपरा को बनाए रखा है। पूर्ति पब्लिक स्कूल सालेकसा तालुका का इकलौता **CBSE** बोर्ड स्कूल है और आदिवासी दूर-दराज के इलाकों के किसानों और खेतिहर मज़दूरों के बच्चों को संस्था के ज़रिए पढ़ाई की सुविधाएँ दी गई हैं।

संस्था की प्रेसिडेंट शालिनी बडोल, संस्था के सेक्रेटरी राजेंद्र बडोले, और प्रिंसिपल प्रशांत बंसोड़ ने स्कूल के सभी पास हुए स्टूडेंट्स को बधाई दी। पास हुए स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का क्रेडिट स्कूल के टीचर्स, नॉन-टीचिंग स्टाफ़ और अपने पेरेंट्स को दिया है। स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ की तरफ़ से सभी पास हुए स्टूडेंट्स को उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# बग्गी वाहन की चपेट मे आने से युवक की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत एक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/4/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान रतनारा मे दुर्गाप्रसाद बिरनलाल दमाहे उम्र 52 वर्ष निवासी रतनारा अपने घर आ रहे थे। पीछे से आ रही बग्गी रथ क्रमांक एम पी 09 व्ही 1335 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मृतक को ठोस मारी गंभीर जख्मी होने से उसकी मौत हो गई। बग्गी चालक घटना स्थल से फरार होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे बग्गीचालक के खिलाफअपराध क्रमांक 209/2026 धारा 106, 1, 281, भान्यास 2023 सहकलम 134, अ,134, ब,184, मोवाका के तहत दर्ज कर जाँच पोऊपनी महेश देवराव राठोड पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज गोंदिया शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

### समग्र ब्राह्मण सभा एवं राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा किये गए शोभायात्रा एवं अन्य सामाजिक आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भगवान परशुराम जिन्हें भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को भगवान परशुराम जन्मोत्सव प्रतिवर्ष धुमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में आज 19 अप्रैल को गोंदिया शहर में ब्राह्मण समाज द्वारा विप्रकुल गौरव भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा।*

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समग्र ब्राह्मण सभा गोंदिया के तत्वाधान में आदिपुरुष भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा आज 19 अप्रैल को शाम 5.30 बजे सुभाष गार्डन के पास से महिला सभागृह सिविल लाईन से निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, बाजपेयी चौक, जयस्तंभ चौक, गांधी प्रतिमा, गोरेलाल चौक, दुर्गा चौक और नेहरू चौक से होते हुए पुनः महिला मंडल सभागृह पहुँचकर संपन्न होगी।

उसके पश्चात रात्रि 8:00 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. श्री सत्यनारायण जी मिश्रा की स्मृति में समाज के नवनिर्वाचित नगर परिषद पार्षदों का सत्कार समारोह आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम का समापन रात्रि 9:00 बजे महाप्रसाद के साथ होगा।

### भव्य उपस्थिति की अपील..

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने प्रमुख रूप से अरुण दुबे, किशोर पांडे, कल्पेश शुक्ला, सतीश उपाध्याय, शशि निवास मिश्रा, सुरेश जी. शेवाळे, प्रकाश उमालकर, विनोद हिरडे, नितिन गोखले, सुनील जोशी, प्रमोद वाढई, मंदार भड़ग, नन्दु व्यास, प्रशांत पानसे, मुकेश चौबे, अतुल दुबे, नीलेश चौबे, संजीव बापट, शुभम तिवारी, रितुराज मिश्रा, कपिल शर्मा, राजेश दवे, मुन्नु तिवारी, विक्रम वशिष्ट सहित समस्त सदस्यगण अपना विशेष योगदान दे रहे हैं।

**समग्र ब्राह्मण सभा ने समस्त ब्राह्मण समाज (महाराष्ट्रीय, उत्तर भारतीय, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, मैथिली, सिंधी, दक्षिण भारतीय, बंगाली एवं उड़िया समाज) से सपरिवार इस उत्सव में शामिल होने की अपील की है।**

### श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन से निकलेगी श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा भव्य शोभायात्रा..

**प्रतिवर्षानुसार श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा भी नित्यप्रात: स्मरणीय भृगुकुल श्रेष्ठ रेणुकानंदन भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव धुमधम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 19 अप्रैल दिन रविवार को मुख्य समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, गोंदिया में आयोजित किया गया है।**

आज सर्वप्रथम भगवान श्री परशुरामजी का पूजन, अतिथि सत्कार समारंभ, वरिष्ठ समाजसेवी सत्कार, नवनिर्वाचित पार्षद का सत्कार, मेधावी प्रतिभाओं का सत्कार, पुरस्कार वितरण व अतिथि संबोधन का कार्यक्रम राजकुमार सत्यनारायण तिवारी अध्यक्ष श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन की अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम उद्घाटक गिरीश व्यास पूर्व विधान परिषद सदस्य नागपुर के मुख्यातिथ्य व प्रमुख अतिथियों में राजाराम शर्मा पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग महाराष्ट्र राज्य व पूर्व नगरसेवक, भिकमचंद शर्मा उपाध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन विदर्भ जोन-9, नवलकिशोर पुरोहित पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद गोंदिया तथा सीए राजेश व्यास तथा संतोष रामस्वरूप शर्मा अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया है। भगवान श्री परशुरामजी की भव्य शोभायात्रा संध्या 5:30 बजे श्री बंशीधर जयनारायण शर्मा राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन, जय श्री टॉकीज के पास गोंदिया से नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर वापस भवन पहुंचेगी। तत्पश्चात समाज के समस्त बंधु-बांधवों हेतु महाप्रसाद का आयोजन किया गया है, इस महाप्रसाद के सहयोगी श्रीमती शांतीदेवी मदनलाल शर्मा परिवार श्री मदनलाल गोंदिया है। संस्था अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने सभी राजस्थानी ब्राह्मण समाज बंधुओं से समस्त कार्यकमों में उपस्थिति का अनुरोध किया है। उपरोक्त जानकारी श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा के प्रचार प्रमुख कमलेश लाटा द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

## गोंदिया पुलिस ने मोटर साइकिल चोर को पकड़ा, रामनगर से चोरी किया था वाहन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने सिविल लाइन इलाके में जाल बिछाकर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।*

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोंदिया के पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा की टीम 18 अप्रैल को रामनगर और गोंदिया शहर सीमा में गश्त (पेट्रोलिंग) कर रही थी। इसी दौरान सिविल लाइन स्थित लोकोशेड के पास एक संदिग्ध युवक मोटर साइकिल के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर पूछताछ की, तो वह घबरा गया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी, जिसकी पहचान गौरव उर्फ सलमान नरेश शर्मा (27), निवासी यादव चौक, गोंदिया के रूप में हुई है, उसने स्वीकार किया कि उक्त मोटर साइकिल उसने रामनगर इलाके से चोरी की थी।

पुलिस ने आरोपी के पास से 50,000 रुपये मूल्य की हीरो एचएफडीलक्स (काले रंग की) मोटर साइकिल जब्त की है। जांच में पाया गया कि यह वाहन रामनगर पुलिस थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 196/2026 (धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता) के तहत चोरी का मामला था।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस सफल कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे एवं एलसीबी निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में सहायक फौजदार राजू मिश्रा, हवलदार महेश मेहर, प्रकाश गायधने, सिपाही राकेश इंदूरकर और चालक राम खंदारे ने अंजाम दिया। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए रामनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## महिला आरक्षण के नामंजूर होने से कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता हुई उजागर.. - श्रीमती भावना कदम

### भाजपा नेत्री ने कहा देश की महिलाएं करेगी भारत को कांग्रेस मुक्त..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पूर्व नगरसेविका श्रीमती भावना कदम ने संसद में कांग्रेस द्वारा अपनी संख्याबल का गलत इस्तेमाल करके महिला आरक्षण विधेयक को मंजूर नहीं होने देने को लेकर करारा हमला किया है, और कहा है कि कांग्रेस ने*

महिला आरक्षण का विरोध करके अपनी मानसिकता स्पष्ट कर दी है। कांग्रेस ना तो राष्ट्र के हित में निर्णय लेने की ईच्छा रखती है, ना ही कांग्रेस देश की महिलाओं को शक्ति रुप में बढ़ते देखना चाहती है, इसलिये कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को मंजूर नहीं होने दिया। श्रीमती भावना कदम ने कहा कि देश में परिसिमन के साथ महिला आरक्षण को लागु किया जाना महिलाओं के विकास के साथ साथ यह निर्णय देश के विकास में मील का पत्थर साबित होता, लेकिन विपक्ष में होने के कारण राष्ट्रहित के मुद्दों का विरोध करना भी अपना कर्त्तव्य समझ बैठी कांग्रेस ने बिल का विरोध कर बड़ी चूक कर दी है, और भारत की वे महिलाएं जिन्होंने कांग्रेस शासन में अन्याय और अत्याचार सहा है, देश की वह महिलाएं अब भारत देश को कांग्रेस मुक्त करके ही रहेगी।

### ● राज्य स्तर पर महिला आरक्षण लागु करने की मांग..

श्रीमती भावना कदम ने आगे कहा कि भले ही लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी नहीं दी गई, लेकिन हम महिलाओं का आहवान है कि महाराष्ट्र संहित भारत के सभी राज्यों में महिला आरक्षण लागु करने संबंधी पहल की जाए। राज्य सीमा के भीतर परिसिमन के साथ ही महिला आरक्षण लागु करने का प्रयास यदि किया जाता है, तो यह भी विपक्षी कांग्रेस को महिला हित में करारा जवाब होगा, जो कि भाजपा शासित राज्य सरकारें जरुर करेंगी, ऐसा हमारा विश्वास है।

## विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर सिवनी सरपंच सहित सदस्यों ने किया भाजपा में प्रवेश..

### मैं वचन देता हूं समस्याओ का समाधान और तीव्रता से होगा विकास - बोले विधायक विनोद अग्रवाल



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक बनने का इतिहास बनाने से लेकर भाजपा विधायक के रूप में भी ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करने का इतिहास रचने वाले विधायक विनोद अग्रवाल क्षेत्र की जनता के बीच सतत सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में जहां आम नागरिक अपनी सुनवाई से प्रसन्न है वहीं राज्य और केन्द्र सरकार*

के माध्यम से अपने क्षेत्र के विकास हेतु जिस तरह से विधायक विनोद अग्रवाल प्रयासरत हैं, उसका प्रतिफल है कि विधायक विनोद अग्रवाल का क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है, और इसी के चलते अब विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर क्षेत्र के ग्राम सिवनी में सरपंच सरिता रविंद्र ठाकरे सहित संपूर्ण ग्राम पंचायत सदस्य और अन्य कार्यकताओं ने भी विधायक विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा में प्रवेश कर लिया और उन्होंने इस दरम्यान विधायक विनोद अग्रवाल से गांव में हो रही समस्याओं और विकासकार्यो के लिए मांग भी की। सरपंच और ग्राम पंचायत सदस्य ने इसी के साथ ग्राम में पार्टी संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य, अमृतलाल चौधरी, नामदेव कारे, नवीन मरसकोल्हे, आरती मानकर, कविता पटले, कविता ठाकरे, उर्मिला प्रधान, काजल रामटेके, और अन्य कार्यकर्त्ता भी भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुखता से डॉ धनलाल ठाकरे, डॉ.पुरुषोत्तम ठाकरे, सरपंच सरिता रविंद्र ठाकरे, अमृतलाल चौधरी नामदेव कारे, नवीन मरसकोल्हे, आरती मानकर, कविता पटले, कविता ठाकरे, उर्मिला प्रधान, काजल रामटेके, और अनेक कार्यकर्त्ता तथा ग्राम के नागरिकगण उपस्थित थे।

### बोले विधायक विनोद अग्रवाल..



सिवनी में माता मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनोद अग्रवाल ने सभी प्रवेशकर्ताओं का स्वागत किया और सभी को साथ मिलकर गांव के सर्वांगीण विकास के लिए और जनता की सेवा में रहने का मूलमंत्र दिया। इस दरम्यान सभा में कुछ वक्ताओ ने गांव की समस्याओं को विधायक विनोद अग्रवाल के समक्ष रखा था जिसमे डीपी की समस्या, स्मशानभूमि में पानी की समस्या, गाँव में पीने की पानी की समस्या और धापेवाडा प्रकल्प का पानी से वंचित रखे जाने, सडको की समस्या, पांदन रस्ते की समस्या से अवगत कराया जिस पर विधायक विनोद अग्रवाल ने तत्काल कई अधिकारियो को कॉल से संपर्क किया और अन्य समस्याओ को 4 से 5 महीने के भीतर ही समाधान का निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक विनोद अग्रवाल ने डांगोरली बैराज के निर्माण की भी जानकारी दी और तेढवा- शिवनी उपसा सिंचन योजना के बारे में बताया कि पहले यह योजना बना दी गई और जिसमें पानी का कोई संसाधन नहीं था लेकिन उसके लिए भी सतत प्रयास शुरू है।

### यह भी बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि हमने 50 हजार से अधिक घरकुल मंजूर करवाए और 50 हजार से अधिक घरकुल मंजूर करवाने के प्रयास शुरु हैं। अनेको को जमीन के पट्टे दिलवाए। अच्छे सडको का निर्माण, किसानो को खेतो में जाने के लिए पक्की सडको का निर्माण, राशन दिलवाने का कार्य जैसे अनेक विकास कार्य शुरु है और किसी की कोई भी समस्याए होगी तो वह मुझे अवगत कराएं मैं वचन देता हूं कि आपने दिया हुआ मतदानस्वरुपी आशीर्वाद जिससे गोंदिया विधानसभा की जनता का कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ इसके लिए मैं सदैव आपकी सेवा में आपका बेटा, भाई, मित्र, सेवक बनकर सदैव आपकी सेवा करते रहूँगा।

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 986055 8902 पर संपर्क करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

## पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह संपन्न..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित पुंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय में डी.एल.एड. के द्वितीय वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह 11 अप्रैल को आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र निकोसे कार्यक्रम के*

अध्यक्ष एवं डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष प्रा. ओमप्रकाश खंगार, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुरेश पाटील, ग्रंथपाल प्रा. शरद पाध्ये, प्रा. वैशाली बघेले और डॉ. विनोद गेडाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सर्वप्रथम, सभी गणमान्य शिक्षको ने गोंदिया शिक्षण संस्था के संस्थापक स्वर्गीय मनोहर भाई पटेल और शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमाओं को पुष्पांजलि अर्पित की। छात्रों ने कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. निकोसे और सभी शिक्षको का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. निकोसे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति का भी केंद्र है जो हमारे जीवन में अनुशासन, सामाजिक मूल्यों और आत्मविश्वास का संचार करता है। शिक्षकों द्वारा दिया गया मार्गदर्शन, जीवन में दिखाई गयी सही दिशा और सपनों को साकार करने हेतु दी गयी शक्ति हमारे आगे के जीवन सफर में प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे।

### इन्होंने भी किया संबोधित, भावुक हुए विद्यार्थी..

इस अवसर पर प्रा. ओमप्रकाश खंगार, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुरेश पाटील, ग्रंथपाल प्रा. शरद पाध्ये, प्रा. वैशाली बघेले और डॉ. विनोद गेडाम ने भी छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्कृष्ट सफ्लता प्राप्त छात्रा प्राची राहुलकर, मानसी गेडाम और संध्या बोरकर को मुख्य अतिथियो द्वारा सन्मानचिन्ह, प्रमाण पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। संध्या बोरकर, प्राची राहुलकर, आचल समरित, मयंक उके, उत्कर्षा कावले और कविता दुर्वे ने अपने शैक्षणिक सफर के कुछ सुखद और कड़वे अनुभवों को साझा किया और और महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई लेने एवं देते समय शिक्षक और छात्र भावुक हो गए और कुछ अपने आंसू नहीं रोक सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### इन्होंने किया अथक प्रयास..

कार्यक्रम की सफ्लता के लिए आर्यन चव्हाण, प्रशांत साखरे, प्रेरणा बोरकर, अंजली लिल्हारे, आयुष चव्हाण, अंजली लिल्हारे, अपूर्वा सुलाखे, वैशाली कापसे, अश्विन नान्हे, कांति गुनेश्वर, विनोद वलके, कमलेश डहाके और वासुदेव मेश्राम ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम का संचालन मानसी गेडाम एवं आभार खुशी डोंगरे ने किया।

आवश्यकता है..
गोंदिया के होटल में दिन और रात काम करने के लिये रुम बॉय व मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी लोग ही संपर्क करें।
मो. 9168777749, 7020907457

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com